पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 324

ग्वालियर, सोमवार, 17 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

टिकट नहीं मिलने से नाराज सपा नेता ने की आत्मदाह की कोशिश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही दलों के टिकटों को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। इस बीच अलीगढ़ के आदित्य ठाकुर ने समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। वह अलीगढ़ की छर्रा विधानसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। पुलिस ने उन्हें किसी तरह बचा लिया। इधर, खबर है कि मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हो सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, अपर्णा की भाजपा से बातचीत फाइनल हो चुकी है। अपर्णा यादव ने 2017 का विधानसभा चुनाव लखनऊ की कैंट सीट से लड़ा था। कैंट विधानसभा क्षेत्र से 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में अपर्णा यादव दूसरे नंबर पर रही थीं। वह भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी से हार गई थीं। हालांकि, अपर्णा को करीब 63 हजार वोट मिले थे। अपर्णा यादव मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे प्रतीक यादव की पत्नी हैं।

रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई ने गेल के निदेशक को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के निदेशक (विपणन) को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम (पीएसयू) महारत्न कंपनी के उत्पाद बेचने वाले डीलरों को छूट प्रदान करने की नीति के संभावित लाभार्थियों से कथित तौर पर 50 लाख रुपए से अधिक की रिश्वत लेने के मामले में यह गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया सीबीआई ने निदेशक ईएस रंगनाथन, बिचौलियों और व्यापारियों की संलिप्तता वाले कथित रिश्वत घोटाले का खुलासा किया और शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने रंगनाथन के कार्यालय और आवास सहित आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई के प्रवक्ता आर सी जोशी ने कहा उक्त आरोपी (रंगनाथन) के परिसरों से छापेमारी के दौरान करीब 1.29 करोड़ नकद और सोने के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि आरोप है रंगनाथन महारत्न पीएसयू द्वारा विपणन किए गए पेट्रो रसायन उत्पादों को खरीदने वाली निजी कंपनियों को छूट के संभावित लाभार्थियों से रिश्वत ले रहे थे।

उन्नाव रेप पीड़िता की मां को कांग्रेस का टिकट

नई दिल्ली। सदर विधानसभा से उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता की मां आशा सिंह को कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद शनिवार को कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी ऐश्वर्या ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया। वीडीओ में वह कह रही है कि लड़की हूं सच सबके सामने लाने के लिए मैं भी लड़ सकती हूं। टिकट वितरण पर कहा कि प्रियंका गांधी का यह कदम राजनीति दृष्टिकोण से सही हो सकता है, लेकिन नैतिकता का धर्म उन्हें कभी माफ नहीं करेंगा। जिन मां-बेटी को टिकट दिया गया है उन पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज है। जब मेरी मां को टिकट मिला था तब तो आपके द्वारा सारी धर्म अधर्म की बाते की गई थी। ऐश्वर्या ने आगे कहा कि मैं आज भी कहती हूं कि मेरे पिता के खिलाफ एक भी सबूत है तो मेरे पूरे परिवार को फांसी की सजा सुना दी जाए। एक परिवार को जो बर्बाद कर दे ऐसी राजनीति मेरा उन्नाव स्वीकार नहीं करेगा।

अखिलेश के परिवार में सेंध लगा बदला लेगी बीजेपी

लखनऊ। सपा संरक्षक मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव बीजेपी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं। सूत्रों की मानें तो उनकी बीजेपी से बातचीत चल रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि अपर्णा यादव समेत कई और अन्य पार्टियों के दिग्गज नेता बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। अपर्णा बिष्ट यादव लखनऊ की कैंट सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर 2017 में विधानसभा लड़ चुकी हैं। अपर्णा पहले सीएम योगी से मुलाकात कर चुकी हैं और समय-समय पर पीएम मोदी व सीएम योगी की प्रशंसा करती रहती हैं। अपर्णा बिष्ट यादव को योगी सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दे रखी है। अपर्णा यादव अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये दान किया था। अपर्णा यादव ने कहा था कि, ÷मैंने ये स्वेच्छा से किया है। मैं अपने परिवार के लिए जिम्मेदारी नहीं ले सकती। अतीत कभी भी भविष्य के बराबर नहीं होता है। उन्होंने कहा था कि राम भारत के चरित्र, संस्कार और सभी की आस्था के केन्द्र हैं। राम मंदिर निर्माण के लिए सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव द्वारा दिए गए 11 लाख रुपये के चंदे पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा था। अखिलेश यादव ने कहा था कि अवसर ढूंढने वालों ने आपदा में अवसर ढूंढ लिया है।

वैक्सीन से शेष रहे लोगों को ढूँढ-ढूँढ कर वैक्सीन लगवाने में सहयोग करें

सफल वैक्सीनेशन के एक वर्ष पूर्ण होने का अवसर ऐतिहासिक: मुख्यमंत्री चौहान

मध्यप्रदेश में प्रत्येक श्रेणी में बेहतर हुआ है वैक्सीनेशन कार्य

जयप्रकाश अस्पताल में हुआ फ्रंटलाइन वर्कर्स का वैक्सीनेशन

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देश में वैक्सीनेशन कार्य के सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर जयप्रकाश (जे.पी.) अस्पताल स्थित टीकाकरण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने वैक्सीन लगवाने के कार्य का जायजा लिया और टीकाकरण कराने आये फ्रंटलाइन वर्कर्स का उत्साहवर्द्धन किया। उल्लेखनीय है कि गत 16 जनवरी 2021 को भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई थी। जे.पी. अस्पताल के कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपलब्ध करवाई वैक्सीन: मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में ऐतिहासिक दिन है। कोरोना नियंत्रण के लिये शुरू किये गये वैक्सीनेशन को एक वर्ष हो गया है। मार्च 2020 में कोरोना ने दस्तक दी थी। इसके अगले माह ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में कोरोना से बचाव केलिए वैक्सीन के निर्माण की पहल कर दी थी। उन्होंने अप्रैल 2020 में टास्क फोर्स का गठन किया था। स्वदेशी टीका बनने के बाद जनवरी 2021 से सभी पात्र लोगों को टीका लगना प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले भी महामारी आती थी। अन्य देशों में बनी वैक्सीन का ही सहारा होता था। दूसरे देशों में निर्मित वैक्सीन पर भारत को निर्भर रहना पड़ता था। बहुत कम अवधि में भारत में वैक्सीन के निर्माण और उसके उपयोग का कार्य प्रारंभ हुआ। वैक्सीनेशन हो जाने से तीसरी लहर में नागरिकों को अधिक चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। भले ही यह संक्रमण आक्रमक नहीं लेकिन हमें पूरी सावधानियाँ रखना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, समस्त डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कल्याणकारी भूमिका के लिए बधाई दी।

मध्यप्रदेश वैक्सीन लगाने में आगे: मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि करीब 11 करोड़ वैक्सीन डोज़ प्रदेशवासियों को लगाए जा चुके हैं। गत 15 जनवरी तक मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 32 लाख प्रथम डोज़ और 5 करोड़ 8 लाख वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगाया जा चुका है। यह लक्ष्य का क्रमशः 97 और 92 प्रतिशत है। अब 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ऐसे वरिष्ठ नागरिकों जो अन्य व्याधियों से ग्रस्त हैं, उन्हें वैक्सीन डोज, बूस्टर डोज और प्रीकॉशन डोज का लाभ दिया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर से होगा आतंक का सफाया चुन-चुनकर मारेगी सेना

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां कमर कस चुकी हैं। कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आतंकियों में से जैश और लश्कर सहित अन्य गुटों का पूरी तरह सफाया करने के अलावा स्थानीय भर्तियों को रोकना सुरक्षाबलों के लिए चुनौती है, क्योंकि जितने आतंकी मारे जाते हैं उसी अनुपात में नए आतंकियों की भर्ती हो जाती है। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर के नौ इलाकों में मौजूद लगभग सौ आतंकियों की पहचान की है। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें जैश के आधा दर्जन आतंकियों के अलावा हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर और अल बदर के आतंकी हैं। कश्मीर में सबसे ज्यादा आतंकी पुलवामा में हैं। पुलवामा में अभी दो दर्जन से ज्यादा आतंकियों की मौजूदगी की आशंका है। इनमें सबसे ज्यादा लश्कर के हैं। इसके बाद शोपियां का नंबर हैं। इसी तरह कुलगाम, श्रीनगर, अनंतनाग और बारामुला में भी आतंकियों की मौजूदगी की जानकारी एजेंसियों के पास है। खुफिया इनपुट के आधार पर आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन कई स्तरों पर चल रहा है। आतंकियों का जमीनी नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। एनआईए के अलावा ईडी, सीबीआई, स्थानीय पुलिस, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां ग्राउंड नेटवर्क को खत्म करने और वित्तीय स्रोतों, हवाला फंडिंग के खिलाफ ऑपरेशन में जुटी हैं।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के लोगों को फिलहाल नहीं मिलेगी ठंड से राहत

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के लोगों को फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा। दृश्यता कम होने की वजह से रेल और सड़क आवागमन की गति धीमी बनी रहेगी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग हिस्सों में रात या सुबह के घंटों में घना कोहरा छाया रहेगा। अगले चार दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में और 18 से 20 जनवरी के दौरान ओडिशा और झारखंड में घना कोहरा छाया रहेगा।

कोहरे के कारण विजिबिलिटी इतनी कम हो गई है कि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ने के साथ कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। रेलवे के मुताबिक, कोहरे के कारण विभिन्न राज्यों की कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीते 3 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के साथ इस मौसम के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में घने कोहरे से दृश्यता यानी विजिबिलिटी घटी है। कई जगह 50 मीटर से भी कम विजिबिलिटी के कारण यातायात भी प्रभावित है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शून्य से 50 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा बेहद घना, 51 से 200 मीटर दृश्यता के बीच घना, 201 से 500 के मीटर दृश्यता के बीच मध्यम और 501 से 1000 के बीच दृश्यता होने पर कोहरे को हल्का माना जाता है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग इलाकों में कड़के की ठंड पड़ेगी। अगले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में शीत लहर की संभावना है।

जेल से रिहा हुए अब्दुल्ला आजम, कहा जेल में पिता के साथ किया जा रहा अत्याचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के दिग्गज नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान को सभी मामलों में ज़मानत दे दी गई है। हालांकि आज़म ख़ान अब भी जेल में हैं। अब्दुल्ला आज़म पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में थे। कोर्ट से उन्हें 43 मामलों में ज़मानत मिली है। जेल से बाहर आने के बाद अब्दुल्ला आज़म ख़ान ने कहा मैं चुनाव लड़ूंगा भी और जीतूंगा भी, आज़म ख़ान 9 बार विधायक रहे हैं, वे ऐसे मुक़दमें में जेल में बंद है, जिसमें 8 लोगों को अग्रिम ज़मानत मिल चुकी है। अब्दुल्ला ने कहा कि इस बार अखिलेश यादव 200 फीसदी मुख्यमंत्री बनेंगे।

उन्होंने कहा रामपुर में मौजूदा अधिकारियों के रहते इस मंडल में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सब दिशानिर्देश सिर्फ विपक्ष के लिए हैं, जो ज़ुल्म हम पर हो सकते थे, वे किए गए। आज भी मेरे पिता को जेल में जान का खतरा है। अब्दुल्ला की रिहाई के दौरान सीतापुर जेल के बाहर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। अब्दुल्ला ने कहा, मेरे वालिद के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए और बीमार आदमी को जेल भेजकर उनपर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने मौजूदा सरकार पर साजिश का आरोप लगाया है। बता दें कि दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के मामले में आज़म ख़ान और अब्दुल्ला आज़म ख़ान पर केस दर्ज किया गया था। आज़म ख़ान की पत्नी को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया था। पासपोर्ट और पैनकार्ड पर दो जन्मतिथि दर्ज होने के मामले में भी एफआईआर दर्ज की गई थी। ज़मानत अर्जी ख़ारिज होने के बहाद अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में ज़मानत याचिका दी थी।



वन-टू-वन

ऋषभ को बनायें कप्तानः गावस्कर

मुम्बई। महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद अब टीम की कमान युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ को मिलनी चाहिये। गावस्कर ने कहा कि ऋषभ का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी अच्छा रहा है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अच्छी तरह से की थी। गावस्कर ने पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी का उदाहरण देते हुए ऋषभ को कप्तान बनाए जाने की बात कही है। गावस्कर के अनुसार पटौदी को बहुत कम उम्र में कप्तान बनाया गया था और उन्होंने काफी सफलता भी हासिल की थी, ठीक उसी प्रकार ऋषभ भी कर सकते हैं। ऋषभ ने हालांकि अब तक कभी भी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी नहीं की है पर गावस्कर को भरोसा है कि चयकनकर्ता कहीं ना कहीं उनके जैसे युवा खिलाड़ी को ही कप्तान बनाने पर विचार करेंगे। गावस्कर ने कहा कि यदि मुझे पूरा जाये तो में ऋषभ को अगला कप्तान बनाना चाहूंगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रिकी पोंटिंग की जगह रोहित शर्मा को मुम्बई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था, उसके बाद रोहित की बल्लेबाजी में बदलाव आया था और वह बड़ी पारियां खेलने लगे थे।

रोहित नहीं , राहुल बन सकते हैं कप्तान

मुम्बई। विराट कोहली के भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी से इस्तीफे के बाद माना जा रहा है कि सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं यह भी अटकलें हैं कि युवा लोकेश राहुल या अनुभवी आर अश्विन को भी कप्तान बनाया जा सकता है। इसका कारण यह है कि रोहित शर्मा की फिटनेस उनकी राह में आड़े आ सकती है। सीमित ओवरों के कप्तान बनाये जाने के बाद भी वह चोटिल होने के कारण ही दक्षिण अफ्रीका नहीं जा पाये हैं। वहीं एक अन्य दावेदार अश्विन भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं पर अब तक गेंदबाजों को कप्तान बनाये जाने के कम ही मामले सामने आये हैं। वहीं टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा के लिए खराब फार्म के कारण टीम में अपनी जगह बचाना भी कठिन हो रहा है। फरवरी-मार्च में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इन दोनो की जगह श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी और शुभमन गिल में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। विराट ने सीरीज हारने के बाद भी पुजारा और रहाणे का बचाव किया। उन्होंने हालांकि कहा था कि चयनकर्ताओं को इस पर अंतिम निर्णय लेना है। नए कोच राहुल द्रविड़ के आने के बाद टीम इंडिया के तीनों फॉर्मेट के कप्तान बदल गए हैं। इसलिए अब टीम में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

कोमाकी इलेक्ट्रीक व्हीकल की क्रूजर बाइक रेंजर का फर्स्ट लुक जारी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी कोमाकी इलेक्ट्रीक व्हीकल ने अपनी क्रूजर बाइक रेंजर का फर्स्ट लुक अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर रिवील किया है। कंपनी का दावा है कि ये भारत की पहली इलेक्ट्रिक क्रूजर बाइक है। इस मोटरसाइकिल की कीमत 16 जनवरी को सामने आने की उम्मीद है।अगर आप कोमाकी रेंजर को दूर से देखेंगे तो ये आपको लगभग बजाज एवेंजर जैसी लगेगी। इस बाइक का डिजाइन आम क्रूजर बाइक जैसा है। इसका गोल हेडलैंप इसे काफी स्टाइलिश बनाता है। वहीं क्रोम फिनिश इसको रेट्रो लुक देती है। जबकि इसके साइड इंडिकेटर भी रेट्रो लुक वाले हैं। डिजाइन के मामले में ये बजाज एवेंजर से काफी सिमिलर है। कंपनी का कहना है कि उसकी रेंजर बाइक में 4केडब्ल्यूएच की बैटरी होगी। ये 5,000 वॉट की मोटर को पॉवर देगी। कंपनी का दावा है कि सिंगल चार्ज में इससे 250 ?किमी की दूरी तय की जा सकती है। वहीं पेट्रोल क्रूजर बाइक की तरह ये भी अलग-अलग तरह की मौसमी परिस्थितियों और भौगोलिक क्षेत्रों में बढ़िया परफॉर्मेंस देती है। बता दें ?कि इलेक्ट्रिक स्कूटरों के धूम मचाने के बाद अब इंडियन मार्केट में इलेक्ट्रिक बाइक का भी क्रेज बढ़ रहा है।

साल 2022 के लिए इंडियन स्टार्टअप्स आर रहा बेहतरीन नजर

नई दिल्ली। साल 2022 इंडियन स्टार्टअप्स के लिए बेहतरीन नजर रहा है।एडटेक स्टार्टअप ने अपनी सीरीज ई फंडिंग में 100 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व वेस्टब्रिज वेंचर्स और जीएसवी वेंचर्स ने किया था। इस साल भारतीय मुंबई स्थित एडटेक स्टार्टअप लीड यूनिकॉर्न क्लब में प्रवेश करने वाली पहली एडटेक कंपनी बन गई है। कंपनी इस पूंजी का उपयोग स्टूडेंट्स के स्कूली एजुकेशन एक्सपीरियंस को और बेहतर करने के लिए करेगा। यूनिकॉर्न का मतलब ऐसे स्टार्टअप से है जिसका वैल्यूएशन एक अरब डॉलर तक पहुंच गया हो। बता दें कि वेंचर कैपिटल इंडस्ट्री में इस शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। आपको बता दें कि साल 2021 भी स्टार्टअप्स के लिए इंडस्ट्री के लिए काफी शानदान रहा था। पिछले साल भारत के 33 स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुए थे। इस क्लब में शामिल होने वाला सबसे लेटेस्ट स्टार्टअप कार देखो था जिसने लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेंट से 250 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई थी। कंपनी का कहना है कि यह भारत के 500 से अधिक शहरों में 5,000 स्कूलों के साथ शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में प्रवेश करेगा और वार्षिक राजस्व रन रेट डालर 80 मिलियन होगा।

इंडिया ओपन : लक्ष्य सेन और चिराग-सात्विक खिताब से एक कदम दूर, सिंधू बाहर

नई दिल्ली। भारत की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू यहां योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। वहीं भारत के ही लक्ष्य सेन पहली बार किसी विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। लक्ष्य ने विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर कायम मलेशिया के नग त्जे योंग को पुरूष एकल के सेमीफाइनल में 19-21 21-16 21-12 से हराया। वहीं महिला एकल में भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिंधू को महिला एकल के सेमीफाइनल में थाइलैंड की छठी वरीय सुपानिडा काटेथोंग ने 14-21, 21-13, 10-21 से हाराया। हार से निराश सिंधू ने मैच के बाद कहा, ''मैंने शुरू से ही उसे बड़ी बढ़त दे दी थी। वह तीसरे गेम में 6-6 से बराबरी पर थी उस समय मुझे कुछ अंक बनाने चाहिए थे पर इसके विपरीत उसने बढ़त बनाना जारी रखा। मुझे शटल पर नियंत्रण रखना चाहिए था जो मैं नहीं रख पाये और इसी कारण मैच हाथ से निकल गया।'' उन्होंने कहा, ''इंडोनेशिया में उस समय मेरे स्मैश कार्नर या लाइन पर जा रहे थे लेकिन

आज ये बाहर या कोर्ट के बीच में जा रहे थे और मैं उसे आक्रामक खेलने का अवसर दे रही थी। आज का दिन मेरा नहीं था और वह अच्छा खेली। मुझे अपनी गलतियों पर काम करना होगा।'' अब खिताब मुकाबले में लक्ष्य का सामना फाइनल में सिंगापुर के विश्व चैम्पियन लोह कीन यू से होगा। इससे पहले लोह को कनाडा के ब्रायन यांग के गले में खराश और सिरदर्द के बाद सेमीफाइनल से हटने के कारण वाकओवर दिया गया। लक्ष्य ने खिताबी मुकाबले में पहुंचने पर कहा, '' अपने देश में अपना पहला सुपर 500 का फाइनल खेलना एक बेहतरीन अहसास है। शुरुआती गेम काफी करीबी था, मैंने कुछ गलतियां की जिसकी कीमत मुझे चुकानी पड़ी। मैं दूसरे और तीसरे गेम में संयम बनाये रहा और मुकाबला जीतने में कामयाब रहा।''।'' पुरूष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांस के विलियम विलेगर और फैबियन डेलरू की जोड़ी को 21-10 21-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चिराग और सात्विक का सामना अब रविवार को फाइनल में तीन बार के विश्व चैम्पियन मोहम्मद अहसन और हेंड्रा सेतियावान की इंडोनेशियाई जोड़ी से होगा।

वुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत विकेट गंवाये

होबार्ट। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की घातक गेंदबाजी से एशेज सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। दिन-रात्रि के पांचवे व अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी दूसरी पारी में केवल 37 रनों पर ही अपने तीन विकेट खो दिये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर 115 रन की बढ़त हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की कुल बढ़त बढ़कर 152 रन पहुंच गयी है। वुड ने स्कॉट बोलैंड और ट्रेविस हेड के बाद स्टीव स्मिथ को भी आउट कर मेजबान टीम को करारा झटका दिया। स्मिथ 62 गेंदों पर 27 रन बनाकर पेवेलियन लौटेए। बोलैंड 33 गेंदों पर 8 रन बनाकर आउट हुए, वहीं हेड को वुड ने 8 रन के निजी स्कोर पर पेवेलियन भेजा। दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ 17 और बोलैंड तीन रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड को पहली पार में केवल 188 रनों पर आउट कर दिया था डे नाइट मैच के दूसरे दिन कुल 17 विकेट गिरे जिसमें ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के चार और दूसरी पारी के तीन विकेट शामिल है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दिन की शुरुआत 241 रन पर छह विकेट से की थी पर उसकी पूरी टीम पहली पारी में लंच से पहले 303 रन पर आउट हो गयी। पैट कमिंस ने 45 रन देकर 4 और मिशेल स्टार्क ने 53 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं बोलैंड ने 33 रन देकर एक विकट लिया। कैमरून ग्रीन ने एक विकट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

विराट के अचानक इस्तीफ से हैरान हैं शास्त्री, बीसीसीआई ने कहा टीम को ऊंचाइयों पर ले गये

रिचर्डस , सहवाग सहित दिग्गजों ने दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली को सबसे सफल कप्तान बताते हुए उनके टेस्ट क्रिकेट से अचानक हुए इस्तीफे पर हैरानी व्यक्त की हैं। शास्त्री ने विराट के साथ अपनी एक तस्वीर को साझा करते हुए लिखा, विराट, आप गर्व से सिर ऊंचा रख सकते है। कप्तान के रूप में आपके पास जो कुछ है, वह कुछ ही लोग हासिल कर सकें हैं। आप भारत के सबसे आक्रामक और सफल कप्तानों में शामिल हैं। साथ ही कहा कि उनका इस्तीफा व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए दुखद है क्योंकि हमने भारतीय टीम को मिलकर बनाया था। विराट ने 68 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का नेतृत्व किया, इसमें भारतीय टीम को 40 में जीत मिली। वह टेस्ट में भारत के सबसे सफल

कप्तान है। उनकी उपलब्धि पर बीसीसीआई ने ट्विटर पर लिखा, बीसीसीआई भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को उनके शानदार नेतृत्व गुणों के लिए बधाई देता है। वह टेस्ट टीम को अहम ऊंचाइयों पर ले गए। उन्होंने 68 मैचों में भारत का नेतृत्व किया और 40 जीत के साथ देश के सबसे सफल कप्तान बने हैं। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान विवियन रिचर्डस ने लिखा, भारतीय कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन करने के लिए विराट को बधाई। आपने अब तक जो हासिल किया है, उस पर आपको बहुत गर्व हो सकता है। निश्चित रूप से आपका नाम विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में शामिल होगा। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने ट्वीट किया कि भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में शानदार करियर के लिए विराट को बहुत-बहुत बधाई। वह न केवल सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान थे बल्कि दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा कि प्रिय विराट , आपको पिछले कुछ वर्षों में लाखों क्रिकेट प्रशंसकों ने बहुत प्यार दिया है। वे इस स्थिति में भी आपका समर्थन करेंगे। और आगे आने वाली पारियों के लिए शुभकामनाएं इससे पहले विराट ने शनिवार को अचानक ही टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम की हार के बाद से ही वह दबाव में थे।

विराट के फैसले का सम्मान करती है चयन समिति : बीसीसीआई

मुम्बई। विराट कोहली के टेस्ट टीम की कप्तानी से दिये इस्तीफे से जहां हर कोई हैरान है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि यह विराट का अपना फैसला है जिसका सम्मान किया जाना चाहिये। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, बोर्ड सचिव जय शाह ने अपने ट्वीट में कप्तान के तौर पर विराट के करियर और उनकी उपलब्धियों को लेकर बधाई भी दी थी। वहीं अब बीसीसीआई की ओर से विराट को लेकर एक और बयान आया है। इसमें कहा गया है कि बीसीसीआई कोहली को बतौर टेस्ट टीम के कप्तान उनके करियर पर बधाई देता है। बोर्ड के साथ ही चयन समिति कोहली के इस फैसले का पूरी तरह से सम्मान करती है।

बीसीसीआई ने साथ ही कहा, 'विराट भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे हैं। विराट ने 68 टेस्ट मैच में कप्तानी की, जिसमें 40 में उन्हें जीत मिली। इस दौरान विराट की जीत प्रतिशत 58.82 फीसदी रहा है। विराट की कप्तानी में भारतीय टीम ने अपनी पहली सीरीज़ श्रीलंका में जीती थी। बोर्ड ने यह भी कहा कि विराट की कप्तानी में भारतीय टीम ने साल 2018 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज़ हासिल की थी। इसके अलावा वेस्टइंडीज़ हराकर टेस्ट में नंबर-1 का स्थान करने के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी स्थान बनाया था। गांगुली ने बयान दिया है कि मैं कोहली का उनके टेस्ट टीम के कप्तान के तौर पर योगदान के लिए शुक्रिया कहना चाहता हूं! उनकी कप्तानी में भारत ने क्रिकेट के हर प्रारुप में सफलता हासिल की है। यह उनका निजी निर्णय है और बीसीसीआई उसका सम्मान करता है। वह भारतीय टीम के अहम सदस्य बने रहेंगे और नए कप्तान के साथ अपनी शानदार बल्लेबाजी से टीम को आगे बढ़ाएंगे क्योंकि एकदिन हर अच्छी चीज़ का समापन होता है पर ये काफी शानदार रहा है। वहीं जय शाह ने विराट के फैसले पर कहा कि वह भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे शानदार कप्तानों में से एक रहे हैं। बतौर लीडर विराट कोहली का रिकॉर्ड शीर्ष स्तर का रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा 1 फरवरी से नियमों में करेगा बदलाव

नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा आगामी 1 फरवरी से नए नियम लागू करने जा रहा है। इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा के चेक क्लीयरेंस से जुड़े नियम 1 फरवरी से बदल जाएंगे। बैंक के नए नियम के मुताबिक 1 फरवरी से चेक पेमेंट के लिए कंफर्मेशन अनिवार्य होगा। अगर कंफर्मेशन नहीं होता है तो चेक वापस भी किया जा सकता है। ये नियम 10 लाख या इससे अधिक की रकम के चैक पर लागू होंगे। बैंक ने ग्राहकों से अपील की है ?कि आप सीटीएस क्लीयरिंग के लिए पॉजिटिव पे की सुविधा का लाभ लें। बैंक ने यह नियम

चैक में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए किया है। बैंक ने कहा है कि विभिन्न माध्यमों से विवरणों की पुन- पुष्टि कर स्वयं को धोखाधड़ी से बचाएं। पॉजिटिव पे कंफर्मेशन के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने वर्चुअल मोबाइल नंबर 8422009988 की सुविधा दी है। सीपीपीएस लिखने के बाद अकाउंट नंबर, चेक नंबर, चेक डेट, चेक अकाउंट, ट्रांजेक्शन कोड, पेयी के नाम के साथ 8422009988 पर भेजने पर कंफर्मेशन हो सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800 258 4455 और 1800 102 4455 पर फोन किया जा सकता है। बैंक से जुड़ी धोखेबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से समय-समय पर सुरक्षा के नए-नए उपाय किए जाते हैं। बैंक चेक के जरिए जालसाजी की घटनाओं को रोकने के लिए एक नया सिस्टम लाया गया। नया सिस्टम पॉजिटिव पे सिस्टम फोर चेक है। इसे देश में एक जनवरी से लागू किया गया। कई बैंकों ने इस सिस्टम को प्रभावी बना लिया है। पॉजिटिव पे सिस्टम के तहत कोई भी जब चेक जारी करेगा तो उसे अपने बैंक को पूरी डिटेल देनी होगी।

सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.34 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,34,161.58 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे अधिक लाभ में रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 69,503.71 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 17,17,265.94 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 48,385.63 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 8,10,927.25 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह टीसीएस की बाजार हैसियत 42,317.15 करोड़ रुपए बढ़कर 14,68,245.97 करोड़ रुपए पहुंच गई। एचडीएफसी का मूल्यांकन 21,125.41 करोड़ रुपए बढ़कर 4,91,426.13 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,650.77 करोड़ रुपए के लाभ से 5,69,511.37 करोड़ रुपए रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 15,127.22 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के बाद 4,53,593.38 करोड़ रुपए पर और बजाज फाइनेंस का 10,291.28 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 4,72,686.80 करोड़ रुपए पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 8,760.41 करोड़ रुपए बढ़कर 3,95,810.41 करोड़ रुपए पहुंच गई। इस रुख के ??विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,217.88 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,55,560.85 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 2,854.33 करोड़ रुपए घटकर 8,56,439.28 करोड़ रुपए आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट से निकलने वाले पानी का उपयोग सुनिश्चित करारों: केन्द्रीय मंत्री

मुरैना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि नगर निगम के 24 वार्डों का सीवरेज निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट भी पूर्णता की ओर है। वाटर ट्रीटमेन्ट से निकलने वाले पानी का उपयोग सिंचाई कार्य, वाटर रीचार्ज या अन्य उपयोग में लिया जाये। यह पानी व्यर्थ क्वारी नदीं में नहीं छोड़ा जाये, क्योंकि गंदा पानी नदियों मे छोड़ने से नदियां अस्तित्व खोती है। इसलिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी का उपयोग सुनिश्चित किया जाये। यह निर्देश उन्होंने शुक्रवार को बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर बी कार्तिकेयन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं निर्माण विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि नगर निगम के 47 वार्डों में से मात्र 24वार्डों में सीवरेज का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। निर्माण के बाद सीवर से गंदा पानी निकलकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में एकत्रित हो रहा है। यह पानी व्यर्थ न जाये। इसके लिए सिंचाई या जल स्त्रोतों को रीचार्ज के लिए उपयोग किया जाए, जिससे वाटर लेवल ऊपर आ सके और सिंचाई की आवश्यकता पूर्ण हो सके। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि नगरीय निकायों के अंतर्गत ऐसे परिवार हैं, जिनके पास प्लाट है, किंतु भवन निर्माण के लिए राशि नहीं है। ऐसे परिवारों को नगरीय निकाय चिन्हित करें और उनके आवेदन प्राप्त करें। उनकी डीपीआर बनायें 2022 में उन्हें अपना घर मिले, ऐसे प्रयास सभी नगरीय निकाय करें। शासन की मंशा है कि जरूरतमंद परिवारों को अपना घर मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों के अंतर्गत स्वच्छता सर्वे का कार्य चल रहा है। पिछले वर्ष कई नगरीय निकायों ने अच्छा कार्य किया, जिससे उनकी रैंकिंग में सुधार हुआ। मैं चाहता हूं कि इस वर्ष भी स्वच्छता पर जन जागरूकता फैलायें। कोविड समाप्त होने के बाद लोगों, समाजसेवियो, एनजीओ, स्कूली छात्र-छात्राओं का सहयोग लें। जिससे अधिक से अधिक लोग स्वच्छता के लिए प्रेरित हो और उन्हें साफ-सफाई का जिम्मा सौपें। मुरैना के अलावा अन्य नगरीय निकाय स्वच्छता के लिए प्रेरित होंगी

और मुरैना जिले की नगरीय निकाय एक अच्छा स्थान स्वच्छता में प्राप्त करें, ऐसा मेरा मानना है। नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में एक अनूठी अलग पहचान बनाए, इसके लिए चल रहे निर्माण कार्यों में गति लायें। जहां विवाद की स्थिति बनी हुई है, वहां एसडीएम, कलेक्टर मौके पर पहुंचे। मार्च तक संचालित निर्माण कार्य पूर्ण होने चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नगरीय निकायों के सीएमओ से वन-टू-वन चर्चा की और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तीव्र गति से चलाए जायें, इसे सीएमओ सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो में नेचुरल उत्पादन बढ़े। जैसे कि गाय के गोबर से लकड़ी बनाना, गोमूत्र से फिनाइल आदि के लिये लोंगों को प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षित करायें, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी तो गायों को लोग घर से नहीं छोडेंगे और गाय की उपयोगिता बढेगी। फिर आवारा गोवंश नहीं घूमेगा। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हे संचालित करायें। इसके लिए गांव स्तर पर जनसेवा कराकर प्रत्येक 50 से 100 लोगों को जनसेवा के लिये जोड़े, जिससे आवारा गोवंश सड़कों पर नहीं घूमें। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जनपद सीईओ सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो आवास स्वी.त किये है, उन्हें 31 मार्च तक पूर्ण करायें। जनपदों के अंतर्गत सीईओ नवाचार करें। जैसे उद्यानिकी, समूह को बढ़ावा, लघु उद्योग, शहद पालन, मसाला, नंदन फलोद्यान आदि के लिये नवाचार कराये। मेरी उम्मीद है कि अन्य नगरीय निकाय एवं जनपद सीईओ बेहतर से बेहतर कार्य कर दिखायेगे।

महटौली बांध के संबंध में कार्यपालन यंत्री ने बताई वस्तुस्थिति

मुरैना। महटोली बांध में पानी भराव के कारण कृषकों की जमीन में फसल खराब हो रही है के संबंध में प्रकाशित खबर को लेकर जल संसाधन संभाग मुरैना के कार्यपालन यंत्री ने वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। कार्यपालन यंत्री ने वस्तुस्थिति बताते हुए कहा है कि महटौली बॉध तहसील बानमौर स्टेट कालीन बॉध है, जिसमें तालाब में भराव क्षेत्र में नदी की जमीन शासकीय एवं नदी के आस-पास भराव क्षेत्र की जमीन .षकों की है। प्रतिवर्ष वर्षाकाल में बाँध के सेल्यूस गेट बंद कर जल संग्रहित किया जाता है तथा अक्टूबर माह में सेल्यूस खोलकर पानी निकाल दिया जाता है, जिससे कृषक अपनी भूमि पर खी फसल कर सकें। अक्टूबर माह के बाद बाँध के जल ग्रहण क्षेत्र में वर्षा होने अथवा नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वर्ण रेखा नदी में जल शोधन केन्द से पानी छोड़े जाने के कारण बॉध में पानी आ जाता है जो कि बाँध के भराव क्षेत्र में भरकर नदी के आसपास की जमीन पर खड़ी फसल को खराब करता है। नदी के सेक्शन में मिट्टी भराव होने के कारण भी यह समस्या उत्पन्न हो रही है। कृषकों द्वारा नदी की खुदाई की मांग की जा रही है। विभाग में नदी की खुदाई कराने हेतु कोई प्रावधान नहीं रहता है। इस कारण खुदाई का कार्य कराया जाना संभव नहीं हो सका है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु एस.डी.एम.एफ अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजा जा रहा है। स्वीकृति उपरान्त कार्य कराया जाना संभव हो सकेगा।

भाजपा के विरोध मैं करेंगे मतदान, तहसीलदार को देंगे ज्ञापन

-सहारा निवेशक एवं अभिकर्ताओं ने बैठक में लिया निर्णय

कैलारस। सहारा कंपनी से ब्लॉक कैलारस के हजारों निवेशकों को समय पर पैसा न मिलने के कारण निवेशक एवं अभिकर्ता दोनों ही काफी मानसिक तनाव में है, क्योंकि ब्लॉक कैलारस के करीब 7000 निवेशकों ने करीब 50 करोड रूपए की धनराशि सहारा कंपनी में इस आशय के साथ जमा की गई थी कि उन्हें समय से भुगतान कंपनी द्वारा कर दिया जावेगा, परंतु निवेशकों की जमा पूंजी की रिफंड की तारीख को निकले हुए 4 से 5 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं और अब उनका पैसा अभी तक कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा कभी सेबी विवाद कभी सुप्रीम कोर्ट विवाद का बहाना लेकर निवेशकों का पैसा देने में आनाकानी कर रही है, इसके कारण अभिकर्ता एवं निवेशक काफी मानसिक तनाव में है। इन सब कारणों से आज सहारा निवेशक एवं अभिकर्ताओं की एक बैठक एमडीएस स्थित काली माता मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें करीब एक सैकड़ा से अधिक लोग शामिल हुए, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भुगतान कराने के लिए निवेशक एवं अभिकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर राजनेताओं मुख्यमंत्री तथा कोऑपरेटिव सोसायटी दिल्ली, सांसद ,विधायकों तक कई ज्ञापन देकर भुगतान कराने की मांग

की गई है यहां तक कि थाना कैलारस में कई एफआईआर सहारा कंपनी के खिलाफ दर्ज हो चुकी है, परंतु उन पर आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। इसके विरोध में इन लोगों ने निर्णय लिया है कि आने वाले किसी भी चुनाव में चाहे वह नगर परिषद का हो, ग्राम पंचायतों का हो या विधायक या सांसद का हो सभी में भुगतान न मिलने तक भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का जोर-शोर से विरोध किया जाएगा एवं उनके विरोध में मतदान किया जाएगा। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निवेशकों के दरवाजों पर एक स्टीकर भी इस संबंध में लगाया जाएगा।

शानदार एवं रोमांचक मैच में रोटरी क्लब चम्बल विजयी

- रोटरी क्लब मुरैना को हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

मुरैना। रोटरी क्लब लौरेल्स ग्वालियर द्वारा आयोजित इंटर रोटरी क्रिकेट टूर्नामेंट जो कि प्रगति विद्या पीठ ग्वालियर के मैदान पर प्रतिबर्ष आयोजित होता है में रविवार को क्वार्टर फाइनल मैच रोटरी क्लब चम्बल एवं रोटरी क्लब मुरैना के बीच खेला गया। जिसमें रोटरी क्लब चंबल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 106 रन बनाए। रोटरी क्लब चम्बल की ओर से सर्वाधिक 43 रन राजकुमार यादव ने बनाये, उनको मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। रोटरी चम्बल की ओर से डॉ अमरीश शर्मा, आशीष डंडोतिया, रोहित बंसल, मयंक सेठी, लकी चतुर्वेदी ने शानदार गेंदबाजी की । स्कोर का पीछा करते हुए रोटरी क्लब मुरैना की टीम ने 12 ओवर में 92 रन पर ही सिमट गई। इस तरह रोटरी क्लब चम्बल की टीम 14 रन से मैच में विजयी हुई। आज के क्रिकेट मैच में रोटरी क्लब चम्बल की टीम से रामू बंसल, कौशल सिंघल, आशु श्रीवास्तव, कुशल वर्मा, जुगल वर्मा, डॉ अमरीश शर्मा, आशीष डंडोतिया, रोहित बंसल, राजकुमार यादव, मयंक सेठी, दिवाकर मंगल, लकी चतुर्वेदी आदि सदस्य शामिल हुए।

टीबीडी फाउंडेशन ने मनाया डॉ शुकर्ण मिश्रा का जन्मदिवस

मुरैना। रविवार को चंबल कॉलोनी परिसर में शुकर्ण मिश्रा के जन्मदिवस का आयोजन टीबीडी फाउन्डेशन द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि रघुराज सिंह कंसाना मंत्री मध्य प्रदेश शासन अध्यक्ष मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम व विशिष्ट अतिथि के रुप में नागेंद्र तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, संजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सुरेंद्र दंडोतिया वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर रघुराज कंसाना सहित सभी ने डॉक्टर सुकर्ण मिश्रा के जन्मदिवस पर केक काटकर बड़े हर्ष उल्लास के साथ जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन

रामनरेश डण्डौतिया द्वारा किया गया। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण अनिल पचौरी कार्यक्रम संयोजक सहित पूरी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम समापन पश्चात गरीब बच्चों एवं असहाय लोगों को मिष्ठान एवं भोजन वितरण कर टीबीडी फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री मिश्रा की दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में डीबीटी फाउंडेशन के डायरेक्टर पारस पचौरी एवं आकाश राय सदस्य, राजेश सिंह सिकरवार, प्रदीप भार्गव द्वारा भी भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम में हरिओम, प्रशांत पाल, राम लखन शर्मा, उमेश पाठक (प्रधानाध्यापक) राममूर्ति दंडोतिया, लोकेंद्र सिंह गुर्जर (सीएसी) डी.के.शर्मा, अमृत लाल गोस्वामी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रमोद कुमार मांझी द्वारा किया गया।

महासेन स्वर्ग रथ का हुआ लोकार्पण, कंसाना ने दिखाई हरी झंडी

मुरैना। अखिल भारतीय माहौर गवारें वैश्य महासभा के तत्वाधान में मुरैना नगर के समाजबंधुओं के सहयोग से एक स्वर्ग रथ (शव वाहिका) मुरैना के सर्वसमाज हेतु तैयार किया गया है, जिसका लोकार्पण रविवार की दोपहर को किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में मौजूद रघुराज कंसाना अध्यक्ष पिछडा एवं अल्पसंख्यक विकास निगम अध्यक्ष, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा योगेशपाल गुप्ता, नगर निगम आयुक्त संजीव जैन आदि ने स्वर्ग रथ को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण कर जनसेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय माहौर गवारें वैश्य महासभा से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मांडिल, राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती मीना गुप्ता, उपाध्यक्ष शिवनारायण, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, प्रधान संपादक मदन मोहन गोयल, पंकज गुप्ता, आनंद गुप्ता, आकाश चाँदिल, श्रीमती निर्मला गुप्ता, श्रीमती वीना गुप्ता, श्रीमती कल्पना चाँदिल के साथ-साथ सैकडों समाज बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित हुई। कार्यक्रम का संचालन बिजेंद्र गुप्ता ने किया।

जेके टायर की बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 16 घायल

मुरैना। विगत रात्रि थाना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत 5वी बटालियन के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जे.के टायर के कर्मचारियों से भरी बस तथा ट्रक मैं भिड़ंत हो गई जिसमें 1 दर्जन से अधिक जेके फैक्ट्री के कर्मचारी घायल हो गए सभी घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मुरैना में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा मौके से ट्रक को जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

बताया जाता है कि जेके टायर फैक्ट्री नूराबाद से सुबह दोपहर शाम को कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए बसें चलती हैं। शनिवार की देर शाम एक बस कर्मचारियों को लेकर फैक्ट्री के लिए मुरैना से रवाना हुई जैसे ही यह बस 5वी

बटालियन गेट के सामने पहुंची तभी गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वहां चीख-पुकार मच गई और इस दुर्घटना में 16 कर्मचारी घायल हो गए। घायलों में पुत्रभान प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति, राम हरि प्रजापति पुत्र मेवाराम प्रजापति, सुखबीर सिंह, मनोज शर्मा, रंजीत सिंह, श्यामसुंदर, लक्ष्मण सिंह, सत्यपाल, रामहरि, महेश बघेल, अरविंद सिंह तोमर, रामवीर यादव, राजेश तोमर, करतार सिंह गुर्जर शामिल हैं। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने मौके से ट्रक को जप्त कर मामला दर्ज कर दिया है।

पूर्व डीएसपी की पत्नी से प्रताड़ित ट्रांसपोर्ट संचालक के पुत्र ने पिस्टल से मारी गोली, मौत

सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व डीएसपी की पत्नी पर किया मामला दर्ज, सुसाइड नोट जप्त

मुरैना। शनिवार की रात सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सेल टैक्स बैरियर के पास संचालित जय भारत ट्रेवल्स संचालक के पुत्र ने पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली और मरने से पूर्व सुसाइड नोट छोड़ गया। सुसाइड नोट में आत्महत्या के लिए मृतक ने पूर्व डीएसपी की पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। रविवार की सुबह मृतक युवक का पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि

को यतेन्द्र सिंह (शैंकी) सिकरवार पुत्र रामनरेश सिंह सिकरवार 25 वर्ष निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना काफी तनाव में था और रात्रि के 10 बज चुके थे, पिता भी लगातार शैंकी को फोन कर रहे थे, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। बताया जाता है कि शैंकी इतने तनाव में था कि वह रो रहा था और उसने सुसाइड नोट भी रोते-रोते लिखा। रात्रि के 10:30 बजे शैंकी ने अपने ट्रांसपोर्ट वाले ऑफिस पर पहुंचकर पिस्टल से सिर में गोली मार ली जो आरपार हो गई और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किसी अनिष्ट की शंका से घबराए पिता एवं अन्य मित्रगण उसे तलाशते हुए ऑफिस पहुंचे, जहां शैंकी लहूलुहान अवस्था में मृत पड़ा था। घटना की सूचना तत्काल सिविल लाइन पुलिस को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया एवं लाश को पीएम हेतु भेजा। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने पूर्व डीएसपी महेंद्र शर्मा की पत्नी ममता पर आत्महत्या के लिए उकसाने एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व डीएसपी की पत्नी लंबे समय से शैंकी को ब्लैकमेल कर रही थी और लाखों रुपया उसके खाते से ट्रांजैक्शन किया गया है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि पूर्व डीएसपी की पत्नी ग्लैमर में रहती थी और उसके कई लोगों से भी ऐसे ही घनिष्ट संबंध रहे हैं। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने पिता रामनरेश की रिपोर्ट पर से पूर्व डीएसपी की पत्नी ममता के विरुद्ध धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी पिता द्वारा पुलिस को कई अहम सबूत ममता के खिलाफ दिए गए हैं।

नेताओं का पलायन

चुनाव की घोषणा होते ही उत्तरप्रदेश में इन दिनों राजनेताओं का आना-जाना लगा है। भाजपा के भी कुछ विधायकों को अपने पाले में लाकर सपा अभी भले ही खुद को फ्रंटफुट पर आने का दावा कर रही है, मगर यह उतना सुखद नहीं लगता, जितना कहा जा रहा है। भाजपा से आए नेताओं के लिए जगह बना पाना सपा के लिए आसान नहीं होने वाला। अब भाजपा छोड़कर पार्टी में आए हैं तो जनसेवा के लिए तो हरगिज नहीं। चुनाव में टिकट भी चाहिए होगा और जीत की गारंटी भी। सपा यकीनन टिकट देगी, लेकिन खुद की पार्टी में भितरघात को जन्म भी देगी। स्वामी प्रसाद मौर्य हों, दारा सिंह हों या धर्म सिंह सैनी या कुछ अन्य विधायक, इन्हें जब टिकट मिलेगा तो उन नेताओं का गुस्सा सपा कैसे साधेगी जो पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। भाजपा से आयतित नेता के सामने स्थानीय नेता की अनदेखी अंततः भाजपा को ही फायदा पहुंचाएगी। इसीलिए अभी सपा अपने को भले ही फ्रंटफुट पर मान रही हो, मगर चुनाव के बाद वह बैकफुट पर ही दिखेगी। हालांकि, दलबदल का खेला अब बंद होना चाहिए। पार्टी छोड़ते ही उसकी नीतियों को कोसना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जब तक पार्टी में रहे, मलाई खाते रहे। जब पार्टी छोड़ दी, तो वही अछूत लगने लगी। दल बदल की गहमागहमी पिछले करीब डेढ़ दशक से कुछ अधिक देखी जाने लगी है। चुनाव में जिस राजनीतिक दल का पलड़ा भारी दिखता है, उसमें घुसने की होड़ कुछ अधिक देखी जाती है। पिछले आम चुनाव में भी यही हुआ था, जब भाजपा का पलड़ा भारी दिखने लगा और कांग्रेस की नैया डूबती जान पडने लगी तो कांग्रेस से पलायन कर नेताओं में भाजपा से जुडने की होड़ देखी गई थी। उसके बाद के तमाम विधानसभा चुनावों में भी ऐसा ही पाला बदल देखा गया। बिहार में जैसे ही लगने लगा कि नीतीश कुमार सरकार की वापसी नहीं होगी और राजद की स्थिति मजबूत है, तो सत्ता दल के कई नेता टूट कर राजद में जा मिले थे। ऐसी ही भगदड़ बंगाल विधानसभा चुनाव में भी देखी गई। तब भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी, इसलिए तृणमूल के कई नेताओं ने पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। हालांकि नतीजे कयासों के विपरीत आए। वही स्थिति अब उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रही है। कांग्रेस और भाजपा छोड़ कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले नेता जैसे कतार लगा कर खड़े हो गए हैं। चुनाव के वक्त नेताओं के पाला बदल से स्पष्ट हो गया है कि राजनीति में सिद्धांतों का कोई मतलब नहीं रह गया है। नेता किसी भी तरह इस या उस दल से सत्ता में बने रहना चाहते हैं। इससे राजनीतिक दलों का मकसद भी साफ है कि उनके लिए अपने कर्मठ और प्रतिबद्ध नेताओं के बजाय उन नेताओं की अहमियत ज्यादा है, जो उन्हें सरकार बनाने में सहायक साबित हो सकते हैं। यह ठीक है कि हर राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए ही संघर्ष करता और अपने-अपने तरीके से चुनावी समीकरण साधने का प्रयास करता रहता है। यह अपने में बुरी बात भी नहीं है। मगर इस तरह दल बदल कर जीतने वाली पार्टी से गठजोड़ कर फिर सत्ता में पहुंचने के प्रयास आखिरकार मतदाता को ही छलते हैं। मतदाता किन्हीं मुद्दों के मद्देनजर मतदान का मानस बनाता है। जाहिर है, वह रुझान किसी दल के प्रति होता है। ऐसे में उसने जिस दल को नकारने का मन बनाया होता है, अगर उसी दल का नेता जीतने वाली पार्टी में आकर चुनाव जीत जाता है, तो यह एक तरह से मतदाता के साथ धोखाधड़ी ही कही जाएगी। फिर दूसरे दलों से आए नेताओं को तरजीह देकर चुनाव जीतने का गणित हल करने वाली पार्टियां आखिरकार अपने सैकड़ों कर्मठ और प्रतिबद्ध नेताओं की मेहनत पर भी पानी फेर देती हैं।

ये बेटी बचायेंगे या इनसे बेटी बचायें ?

निर्मल रानी

बेटियों के अधिकारों,उनकी रक्षा,मान सम्मान व उनकी तरक़्क़ी को लेकर जितना ढिंढोरा हमारे देश में पीटा जाता है या यूँ कहें कि जितना दिखावा किया जाता है उतना किसी अन्य देश में नहीं किया जाता। यदि हमारा समाज वास्तव में पैतृक संस्कारों,उपदेशों,भाषणों व कन्या हितैषी सरकारी योजनाओं के अनुसार देश की बेटियों का पालन पोषण कर रहा होता उसे पूरा मान सम्मान दे रहा होता, बेटी को धर्म-जाति,ग़रीब-अमीर,ऊंच-नीच के चश्मे से न देखा जाता तो आज घर घर में रानी लक्ष्मी बाई,ज्योति बाई फूले,फ़ातिमा शेख़,बेगम हज़रत महल,रज़िया सुल्तान,इंदिरा गाँधी,सरोजनी नायडू,लक्ष्मी सहगल से लेकर कल्पना चावला तक जैसी महिलायें पैदा होकर देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन कर रही होतीं। परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण है कि कन्या हितों की बात करने का ढोंग करने वाले हमारे ही देश में औरतों को भूतनी और चुड़ैल बताकर उसे प्रताड़ित किया जाता है यहां तक कि जान से भी मार दिया जाता है। बलात्कार,वीभत्स बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, नाबालिग़ और किशोरियों के साथ बलात्कार और बलात्कार के बाद हत्या के जितने मामले हमारे देश में होते हैं पूरे विश्व में कहीं नहीं होते। और इसी कन्या असुरक्षा के भय से तमाम अभिभावक अपनी बेटियों को स्कूल-कॉलेज भेजने से भी कतराते हैं। कई बार मुख्यमंत्री व मंत्री स्तर के लोग बढ़ते कन्या अपहरण व बलात्कार की ख़बरों के बीच यह प्रवचन देते भी सुने गये हैं कि लड़कियां देर रात घरों से बाहर न निकलें कुछनीति निर्धारक तो यह भी कह चुके हैं कि कन्याओं को घरों से अकेले नहीं निकलना चाहिये। क्या जो समाज कन्या हितों की बात करता व कन्या पूजन करता है क्या कन्याओं की रक्षा करना उसकी ज़िम्मेदारी नहीं ?

सवाल यह है कि लोगों में कन्याओं के प्रति इतनी घृणा व इतनी ज़हरीली मानसिकता आती कहां से है। यदि पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी से इस विषय का अवलोकन किया जाये तो हम यही पायेंगे कि इस तरह के दोहरेपन वाले हालात पैदा करने के लिये भी दरअसल वही वर्ग ज़िम्मेदार है जो कन्या व महिला हितों की बड़ी बड़ी बातें करता है,तरह तरह के वादे करता है,योजनायें बनाने का दिखावा करता तथा महिला हितैषी उपदेश दिया करता है। यही वर्ग महिलाओं को अधीन व भोग्या भी समझता है। याद कीजिये जब दो वर्ष पूर्व कश्मीर में धारा 370 समाप्ति की घोषणा हुई थी उस समय केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के निवास पर एक बड़ा होर्डिंग लगाया गया था जिसमें एक और श्यामा प्रसाद मुखर्जी,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के चित्र छपे थे तो दूसरी तरफ़ सबसे बड़ा एक कश्मीरी लिबास पहने महिला का मुस्कुराता चित्र। इस होर्डिंग पर कश्मीरी महिला के चित्र तले लिखा वाक्य था -धारा 370 का जाना-तेरा मुस्कुराना -विजय गोयल। क्या यह विवादित होर्डिंग यह ज़ाहिर नहीं करतीं कि महिलाओं के प्रति इनकी सोच व संस्कार क्या हैं ? इसी तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर उपदेश देते हुए उन्हीं दिनों यह कहा था कि -अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब लड़कियों को शादी के लिए कश्मीर से लाया जा सकता है। उसी समय कश्मीरी बॉलीवुड एक्ट्रेस बिदिता बाग ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीरी लड़कियों से शादी करने के सपने देखने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया था कि ÷कश्मीरी सेब ख़रीदने की औक़ात नहीं हैज चले हैं कश्मीरी लड़की से शादी करने ।÷ वास्तव में यह आशचर्य की बात भी है कि जो अपनी पत्नी नहीं संभाल सके या जिनको किसी बेटी वाले ने अपनी लड़की देने योग्य नहीं समझा

और वे कुंवारे ही मरने के लिये मजबूर हैं वे कभी कश्मीर तो कभी बिहार से लड़कियां लाने की बातें करते हैं? इससे पहले भी खट्टर ने नवंबर 2018 में रेप की बढ़ती घटनाओं को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि -रेप और छेड़छाड़ की 80 से 90 प्रतिशत घटनाएं जानकारों के बीच होती हैं। कपल काफ़ी वक़्त के लि?ए इकट्ठे घूमते हैं, एक दिन अनबन हो जाती है तो उस दिन एफ़ आई आर करवा देते हैं कि इसने मेरा रेप किया।

कन्याओं व महिलाओं के प्रति घृणा का ही परिणाम है कि कभी देश में निर्भया जैसा कांड होता है तो कभी निर्भया-2,3 और निर्भया-4 होता है,कभी हाथरस जैसी रेप,हत्या व रेप पीड़िता को मां-बाप की अनुपस्थिति में देर रात खेतों में जलाने जैसी क्रूरतम घटना घटती है। कभी कश्मीर में किशोरी आसिफ़ा की सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या होती है तो बलात्कारियों व हत्यारों के समर्थन में वही वर्ग खड़ा होता है जो न केवल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का झंडा उठाये हुये है बल्कि धर्म-संस्कार व संस्कृति की बात भी करता है। इसी विचारधारा के लोग सार्वजनिक रूप से मंच पर यह उद्घोष भी कर चुके हैं धर्म विशेष की महिलाओं का क़ब्र से निकाल कर बलात्कार किया जाना चाहिये। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के इंदौर में एक स्पा सेंटर पर छापेमारी की गयी जिसमें आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए 18 लोगों में तीन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा नेता हैं और समाचारों के अनुसार वे राज्य के वन मंत्री विजय शाह के ''करीबी'' हैं। गिरफ्तार आरोपियों में थाईलैंड की सात युवतियां भी शामिल हैं। यानी यह लोग महिला सम्मान की ध्वजा अब विदेशों तक लहराने लगे हैं।

जब ऐसे ही विद्वेष व वैमनस्य पूर्ण पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक वातावरण में बच्चे सांस लेंगे तो चाहे वे इंजीनियर बनें या मेडिकल की पढ़ाई पढ़ें कंप्यूटर इंजीनियर बनें अथवा वैज्ञानिक,नेता बनें या स्वयंभू धर्मगुरु। धार्मिक व जातीय उन्माद उनके मस्तिष्क में कूट कूट कर भरा जा चुका है। नफ़रत के माहौल में पले ऐसे बच्चे बड़े होकर बुल्ली बाई और सुल्ली डील्स की एप्लीकेशंस नहीं बनायेंगे तो क्या करेंगे ? कितना आश्चर्यजनक है कि इंजीनियर व विज्ञान की पढ़ाई करने के बाद इन बच्चों ने समाज व देश के विकास के लिये काम करने वाली तथा स्वयं अपना कैरियर बनाने वाली कोई ऐप बनाने के बजाये धर्म विशेष की महिलाओं की नीलामी करने वाली ऐप बनाना ज़्यादा ज़रूरी समझा ? इस मामले में सरकार व प्रशासन हालांकि कार्रवाई कर रहा है,कुछ लोगों की गिरफ़्तारियां भी हुई हैं परन्तु सबसे गंभीर सवाल यह है कि ऐसी घटिया सोच व मानसिकता की जड़ें कहाँ हैं ? महिलाओं के प्रति एक ओर तो मान सम्मान,आदर-सत्कार व कन्यापूजन जैसा दिखावा करना तो दूसरी ओर उन्हें धर्म जाति की नज़रों से देखना,ग़रीब अमीर की श्रेणी में बांटना,अपनी रंजिश निकालने या जायदाद हड़पने के लिये उसे भूतनी या चुड़ैल बताना और इंतेहा तो यह कि अब आधुनिक विज्ञान का इस्तेमाल करते हुये मोबाईल एप पर धर्म विशेष की महिलाओं की इज़्ज़त नीलाम करने की कोशिश करना क्या इसी संस्कार व मानसिकता के लोग बेटी बचायेंगे या फिर लोग खुद इनसे ही अपनी बेटी बचायें?

जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम खुद हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। ईश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुःख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था।

भारतीय शौर्य की स्मृतियों को अक्षुण्ण रखेगा वीर बाल दिवस

डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

भारत की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमारे पूर्वजों ने कभी मुगलों से लोहा लिया, तो कभी अंग्रेजों से जूझते रहे। फल स्वरूप देश का अस्तित्व आतताइयों के आतंकों से प्रभावित तो रहा, लेकिन कभी भी उसने पूरी तरह हार नहीं मानी। हमारे ऐसे ही पराक्रमी पूर्वजों में से एक हैं गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चारों वीर सपूत। सिखों के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह जी केवल धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से ही पूज्यनीय नहीं है। इससे भी अधिक उन्हें उस बलिदान के लिए याद किया जाता है, जो उन्होंने देश और धर्म बचाने के लिए सपरिवार दिया। कौन नहीं जानता कि गुरु गोविंद सिंह शरीर रहने तक आतताई मुगल शासकों से लोहा लेते रहे। उनसे भी दो कदम आगे बढ़कर मुगल शासकों के अभिमान को चूर किया उनके साहिबजादों ने। यह बात याद रखने योग्य है कि गुरु गोविंद सिंह के दो बहादुर पुत्र मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़ते लड़ते बलिदान को प्राप्त हुए। जबकि दो छोटे पुत्रों को मुगल शासकों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। अबोध से दिखाई देने वाले इन दोनों वीर सपूतों के सामने दो विकल्प थे। पहला विकल्प धर्म परिवर्तन का था। इसे मान लेने पर उन्हें मुगल सैनिकों से आजादी और समस्त राजसी ऐश्वर्यों की प्राप्ति हो सकती थी। जबकि दूसरा विकल्प था केवल मौत, और वह भी भयावह मौत। धर्म परिवर्तन की बात नहीं मानने पर गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिब जादों को दीवार में जिंदा चुने जाने का प्रस्ताव था। सिंह के इन दोनों शावकों ने मृत्यु का रास्ता चुना। लेकिन अपने धर्म पर अडिग ही बने रहे। वीर बालकों के दो टूक जवाब से खिसियाए और बौखलाए मुगल शासकों ने नृशंसता की सभी सीमाएं पार कर दीं और यह दोनों सिंह के बच्चे दीवारों में जिंदा चुनवा दिए गए।

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की शौर्य गाथाओं के प्रेरक इन्हीं बलिदानी बालकों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि उक्त घोषणा गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर की गई। ये वही गुरु गोविंद सिंह जी हैं, जिन्होंने सिखों को व्यक्ति के स्थान पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को आदर्श मांनने की नई और तार्किक प्रणाली स्थापित की थी। इसके पीछे उनकी स्पष्ट धारणा थी कि समय के दुष्चक्रों में फंसकर व्यक्ति पथभ्रष्ट अथवा दिग्भ्रमित हो सकता है। किंतु हमारे शास्त्र और धार्मिक प्रतीक हमें सदैव सत्य मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते रहते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर की गई प्रधानमंत्री की इस घोषणा का जितना स्वागत किया जाए, कम है। इस दिवस के माध्यम से हमें भारतीय शौर्य के उस गौरवशाली इतिहास के पन्ने देखने को मिलेंगे, जो तथाकथित धर्मनिरपेक्ष शासकों के दबाव में आकर इतिहासकारों ने %ठकुरसुहाती% स्वभाव के चलते नीचे दबा कर रखे हुए थे। यह घोषणा अब तक की उन केंद्र सरकारों की तुष्टीकरण युक्त कार्यप्रणाली को करारा जवाब है, जो विदेशों से आए लुटेरों और आक्रांताओं को ही अपना आदर्श मानती रहीं। यही नहीं, उन सरकारों ने शासकीय स्तर पर अधिकांश जयंतियां, बड़े-बड़े राजमार्गों व राजपथों के नाम देश के ऐसे ही अनेक शत्रुओं के नाम पर अंकित कर दिए। जहां वीर महाराणा प्रताप की कहानियां सुनाई जानी थीं, उन विद्यालयों में अकबर महान के पाठ रटाए गए। इस गलत शिक्षा नीति के चलते हमें पता ही नहीं चला कि कब हम देश के लिए मर मिटने वाले वीर सपूतों की जगह देश के दुश्मनों को अपना आदर्श मान बैठे। देर से ही सही, अब भारत का नागरिक गलत अवधारणाओं के मोहपाश से बाहर निकल रहा है। शिक्षा संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ने वाला देश का समझदार युवा अब इतिहास के उन गौरव शाली पन्नों को तलाशने में जुट गया है, जो कतिपय इतिहासकारों द्वारा तत्कालीन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष शासकों के भय से दबा दिए गए थे। ऐसे में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के साहिब जादों की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा करके भारतीय शौर्य के विलुप्त होते जा रहे इतिहास के पन्नों को नई हवा देकर उन्हें खुलने के लिए मजबूर कर दिया है।

देश की सड़कों पर मौत का तांड़व?

नरेन्द्र भारती

बेशक प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी से 17 जनवरी 2022 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। 2022 में मनाए जा गए राष्टरीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। प्रतिवर्ष डेढ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते है।नववर्ष 2022 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है।देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं।कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है प्रतिदिन लोग मारे जा रहे है।यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे है।लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही है।चिराग बूझ रहें हैं।बच्चे अनाथ हो रहे हैं। 2021 में यह थीम युवाओं के जरिये बदलाव रखा गया था।आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे है।युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य है।प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे है।इकलौते चिराग अस्त हो रहे है।कोखें उजड़ रही है।माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहर हैं।बच्चे अनाथ हो रहे है।युवाओं को जागरुक करना होगा क्योकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते है। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है मगर फिर भी सुधार नहीं होता।जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लधन करते रहेंगे तब तक इन हादसों में लोग बेंमौत मरतें रहेंगें। देश में 22 मार्च 2020 को जब लॉकडाउन लगा था तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे।लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई।कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे।लॉकडाउन में जगली जानवर सड़को पर विचरण करते थे।परिवहन पूरी तरह बंद था।प्रदूषण भी शून्य हो गया था।साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे।जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया तो फिर से करोडों वाहन सड़को पर दौड़ पड़े।जून 2020 से ही सड़क हादसों की रफतार बढ़ गई थी। साल 2021 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा था और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे थे। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं। शराब पीकर बाहन चलाना तथा चलते वाहनों में मोबाइल का प्रयोग ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए।2022 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें।देश की सड़को पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में धूंध के कारण दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें।

सूडोकु नवताल- 5955

★★★★☆ मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 5954 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

अजितनाथ भगवान का परिचयः ज्ञान कल्याणक

अरविन्द प्रेमचंद जैन

इस जम्बूद्वीप के अतिशय प्रसिद्ध पूर्व विदेहक्षेत्र में सीता नदी के दक्षिण तट पर 'वत्स% नाम का विशाल देश है। उसके सुसीमा नामक नगर में विमलवाहन राजा राज्य करते थे। किसी समय राज्यलक्ष्मी से निस्पृह होकर राजा विमलवाहन ने अनेकों राजाओं के साथ गुरू के समीप में दीक्षा धारण कर ली। ग्यारह अंग का ज्ञान प्राप्त कर दर्शनविशुद्धि आदि सोलहकारण भावना का चिंतवन करके तीर्थंकर नामकर्म का बंध कर लिया। आयु के अन्त में समाधिमरण करके विजय नामक अनुत्तर विमान में तेंतीस सागर आयु के धारक अहमिंद्र हो गये।

गर्भ और जन्म

इन महाभाग के स्वर्ग से पृथ्वीतल पर अवतार लेने के छह माह पूर्व से ही प्रतिदिन जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र की अयोध्या नगरी के अधिपति इक्ष्वाकुवंशीय काश्यपगोत्रीय राजा जितशत्रु के घर में इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा की थी। ज्येष्ठ मास की अमावस के दिन विजयसेना ने सोलह स्वप्नपूर्वक भगवान को गर्भ में धारण किया और माघ शुक्ल दशमी के दिन अजितनाथ तीर्थंकर को जन्म दिया। देवों ने ऋषभदेव के समान इनके भी गर्भ, जन्मकल्याणक महोत्सव मनाये। तप अजितनाथ की आयु बहत्तर लाख पूर्व की, शरीर की ऊँचाई चार सौ पचास धनुष की और वर्ण सुवर्ण सदृश था। एक लाख पूर्व कम अपनी आयु के तीन भाग तथा एक पूर्वांग तक उन्होंने राज्य किया। किसी समय भगवान महल की छत पर सुख से विराजमान थे, तब उल्कापात देखकर उन्हें वैराग्य हो गया पुनः देवों द्वारा आनीत 'सुप्रभा% पालकी पर आरूढ़ होकर माघ शुक्ल नवमी के दिन सहेतुक वन में सप्तपर्ण वृक्ष के नीचे एक हजार राजाओं के साथ बेला का नियम लेकर दीक्षित हो गये।

प्रथम पारणा में साकेत नगरी के ब्रह्म राजा ने पायस (खीर) का आहार देकर पंचाश्चर्य प्राप्त किये।

केवलज्ञान और मोक्ष

बारह वर्ष की छद्मस्थ अवस्था के बाद पौष शुक्ल एकादशी के दिन सायं के समय रोहिणी नक्षत्र में सहेतुक वन में सप्तपर्ण वृक्ष के नीचे केवलज्ञान को प्राप्त कर सर्वज्ञ हो गये। इनके समवसरण में सिंहसेन आदि नब्बे गणधर थे। एक लाख मुनि, प्रकुब्जा आदि तीन लाख बीस हजार आर्यिकाएँ, तीन लाख श्रावक, पाँच लाख श्राविकाएँ और असंख्यात देव-देवियाँ थीं। भगवान बहुत काल तक आर्य खंड में विहार करके भव्यों को उपदेश देकर अंत में सम्मेदाचल पर पहुँचे और एक मास का योग निरोध कर चैत्र शुक्ला पंचमी के दिन प्रातःकाल के समय सर्वकर्म से छूटकर सिद्ध पद प्राप्त किया।

चंबल मैराथन आयोजित, जुनून और जज्बे का गवाह बना बीहड़, सैकड़ों युवा दौड़े

चंबल के दुर्गम रास्तों पर दौड़ा बीहड़ का जोश

भिंड के सुमित और बाह की अंबिका को मिला पहला स्थान

भिण्ड। चंबल के दुर्गम बीहड़ में आज जोश और जज्बा देखने को मिला। भीषण सर्दी के बीच बीहड़ की माटी युवाओं के पसीने से भीग गई। चंबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित चंबल मेरा तन के दूसरे संस्करण चंबल मैराथन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 8 किलोमीटर की यह दौड़ अटेर के निर्माणाधीन चंबल पुल से शुरू होकर किला गेट पर खत्म हुई। दौड़ को चंबल फाउंडेशन के संस्थापक शाह आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में करीब 700 युवाओं ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में भिंड के सुमित यादव अव्वल रहे, जबकि महिला वर्ग में बाह, आगरा की अंबिका ने पहला स्थान हासिल किया.

चंबल फाउंडेशन ने लगातार दूसरे वर्ष इस मैराथन मैराथन का आयोजन किया था। इस बार इस मैराथन दौड़ में भिंड जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भिंड भी सहयोगी संस्था के रूप में थी। कोरोना के चलते आयोजकों को मैराथन में भागीदारी को लेकर आशंका थी। फिर भी कार्यक्रम को आयोजित करने का फैसला हुआ. सुबह 10:00 बजे तक दौड़ शुरू होते-होते युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। और उम्मीद के विपरीत बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने इसमें भाग लिया।

ये रहे विजेता

चंबल मैराथन में सुमित यादव पहला स्थान भिंड, संदीप राजपूत दूसरा स्थान भिंड, नवीन शर्मा तीसरा स्थान भिंड। चंबल मैराथन महिला वर्ग में

अंबिका वर्मा पहला स्थान बाह आगरा, गविता दूसरा स्थान आगरा, अंकी तोमर तीसरा स्थान ग्वालियार रहा. सभी विजेताओं को चम्बल परिवार की तरफ से मेडल, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. फ्रेंड्स आफ एमपी यूएसए संजीव त्रिपाठी, जेकेजे फाउंडेशन के पदाधिकारी सर्वेश शर्मा की विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भिंड जिला कलेक्टर सतीश कुमार और एसडीएम उदय सिकरवार और किशोरी शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ खिलाड़ी हरवीर सिंह यादव द्वारा चंबल मैराथन के विजयी प्रतिभागियों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस ने कहा कि बच्चों की जीवंतता ही चंबल की ताकत है. चंबल मैराथन के संयोजक राधेगोपाल यादव और चंबल परिवार के प्रमुख शाह आलम के साथ यहां के स्थानीय युवाओं को लेकर ग्रामीण पुरातात्विक तथा एडवेंचर स्पोर्ट्स और टूरिज्म के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहे हैं। शासन प्रशासन भी जनमानस की भलाई के लिए किए गए हर कार्य में सदैव सहयोग करता रहेगा, पर्यावरण संरक्षण के लिए अध्यक्षता कर रहे हरिवीर सिंह यादव द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वागत भाषण तथा प्रतिवेदन में कार्यक्रम के संयोजक राधे गोपाल यादव के द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चंबल के सकारात्मक स्वरूप को विश्व पटल पर स्थानीय लोगों के सहयोग से पहुंचाना है ,जिससे यहां के युवाओं को पर्यटन के जरिए कई प्रकार के रोजगार उपलब्ध हो सके। चंबल फाउंडेशन की मुहिम चंबल टुरिज्म 'स्प्रिट चंबल' और 'रन फॉर बेटर चंबल' का सपना साकार होते दिखा। चंबल मैराथन का उत्साही और अनुशासित सैलाब चंबल घाटी को विश्व का सबसे दुर्गम ट्रेक यह बन रहा है। सदियों से चंबल घाटी पूरी दुनिया के साथ कदमताल करने को बेताब है। आभार प्रदर्शन डीएटीसी के प्रबल श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज गुर्जर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती प्रमोद गुप्ता टीम खेल विभाग संजय पंकज समाजसेवी अशोक तोमर राजेंद्र सिंह यादव फौजी, डॉ कमल कुशवाहा, मास्टर विनोद सिंह, जयदीप सिंह फौजी सागर यादव तथा उनकी टीम के साथ-साथ वाटर स्पोर्ट्स क्लब के अनिल मांझी राहुल राजपूत नंबर एक के स्कूल एनएसएस के छात्र छात्राओं की टीम और किशोरी पब्लिक स्कूल की छात्र छात्राएं गगन शर्मा राहुल यादव, राजेश यादव, महेश, उत्तम, विनोद सहित कई व्यवस्थापक ने जिम्मेदारी संभाली कार्यक्रम में युवा वर्ग में सुमित यादव प्रथम संदीप राजपूत द्वितीय नवीन शर्मा तृतीय विशाल लोधी चतुर्थ और शिवम लोधी पांचवे स्थान पर रहे युवा बालिकाओं में अंबिका वर्मा प्रथम गीता द्वितीय अंकित तोमर तृतीय सोनी चतुर्थ शिवानी पांचवे नंबर पर रही। वही सीनियर सिटीजन मैं ओमप्रकाश भदौरिया रिटायर्ड फौजी प्रथम एडवोकेट अजय कुमार आर्य द्वितीय रतन लाल यादव रिटायर्ड फौजी तृतीय स्थान पर रहे।

संक्षिप्त समाचार

जहरीली शराब से दो भाईयों की मौत

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के इंदुर्खी में दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी, जबकि तीसरे युवक की हालत गंभीर है। युवक का इलाज ग्वालियर में जारी है। तीनों युवकों ने बीती रात शराब का सेवन किया, जिसके बाद तीनों की तबीयत बिगड़ी थी। ऐसे में जहरीली शराब से मौत की आशंका भी जताई जा रही है। दोनों सगे भाइयों के शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में जहर होने की पुष्टि हुई है। जहरीली शराब को लेकर मृतकों का विसरा जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद मौत के रहस्य का पर्दा उठेगा।

रौन थाना क्षेत्र के इंदुर्खी गांव निवासी नरेंद्र जाटव के बेटे 25 वर्षीय मनीष जाटव और 22 वर्षीय छोटू जाटव ने शुक्रवार-शनिवार की देर रात अपने साथी छोटे पुत्र रमेश सिंह जाटव, शिव सिंह जाटव के साथ शराब पार्टी की। बताया गया है कि दाल टिक्कर के साथ-साथ शराब का दौर दोस्तों के बीच चला। सुबह चार बजे मनीष, छोटू और शिव सिंह की तबीयत अचानक से ज्यादा बिगड़ गई। पिता नरेंद्र सिंह जाटव इन्हें इलाज के लिए लेकर दौड़े, लेकिन रास्ते में ही दोनों भाइयों ने दम तोड़ दिया। इधर, शिव सिंह को आंखों से दिखना बंद हो गया और तबीयत भी बिगड़ गई, उससे इलाज के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है ग्वालियर में शिव सिंह का इलाज किया जा रहा है। इनकी पार्टी में शामिल छोटे पुत्र रमेश सिंह जाटव को पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने बुलाया है।

मामले की जांच की जा रही

रौन थाना टीआई उदयभान सिंह यादव का कहना है कि दोनों भाइयों की कुछ चीज खाने से मौत हुई है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में शराब नहीं आई है। विसरा जांच के लिए एफएसएल लैब में भेजा जा रहा है। बीएमओ डॉ अंकित चौधरी का कहना है कि दोनों युवकों की मौत जहरीले पदार्थ सेवन से हुई है। वहीं डॉ हेमंत शिवहरे का कहना है कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। शराब पीने व जहर की पुष्टि विसरा रिपोर्ट की जांच के बाद होगी। एफएसएल में विसरा की जांच होने के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा।

रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। मौ थाना क्षेत्र के यशवंत मास्टर के घर के सामने एक युवक की रंजिश के चलते दो युवकों ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिलीपसिंह पुत्र श्रीरामसिंह यादव निवासी वार्ड क्र.8 ने बताया रविवार प्रातः7 बजे दीपक जैन, कल्लू जैन निनवासीगण वार्ड क्र.8 ने यशवंत मास्टर के घर के सामने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

महिला ने ससुराल पक्ष पर कराया दहेज का मामला दर्ज

भिण्ड। महिला थाने में एक विवाहिता ने थाने पहुंचकर ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज को लेकर आवेदन दिया। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष के दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दीपा पत्नी हरतेन्द्रसिंह निवासी हीरालाल का पुरा ने बताया उसके पति सहित ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति हरतेन्द्रसिंह, ससुर मुन्नालाल, सास शिवदेही, देवर देवेन्द्र, तेज प्रकाश निवासी बाजिदपुरा फतेहाबद ग्राम उप्र के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के चंदनपुरा के पास एक बाइक चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बलवीर पुत्र स्व. जगीश जाटव निवासी मिश्रन का पुरा अटेर ने बताया शनिवार दोपहर 3.04 बजे ट्रेक्टर क्रमांक एमपी30एए7136 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक क्र.एमपी30एमयू1446 में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

आबकारी विभाग के संरक्षण में पनप रहा मिलावटी शराब का अवैध कारोबार :मानसिंह

इंदुरखी में हुई दो सगे भाइयों की मौत को लेकर जिला अध्यक्ष ने लगाए आबकारी विभाग पर गंभीर आरोप

भिण्ड। बीते रोज इंदुरखी गांव में मिलावटी शराब के सेवन से हुई दो सगे भाइयों की मौत को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने आबकारी विभाग पर ना सिर्फ गंभीर आरोप लगाए बल्कि यह भी कहा कि जिले भर में मिलावटी एवं अवैध शराब का कारोबार आबकारी विभाग के संरक्षण में फल-फूल रहा है। इसका खामियाजा नई युवा पीढ़ी को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं आबकारी विभाग के आला अधिकारी अपने दफ्तर से निकलना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। वही मिलावटी शराब का कारोबार करने वाले महीनादारी के रूप में पैसा दफ्तर में ही पहुंचा देते हैं।इसी कारण आबकारी अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि इस मिलावटी अवैध शराब के कारोबार से कितने लोगों की जान जा रही है।

बुढ़ापे में छिना पिता का सहारा, दो की मौत एक लड़ रहा जिंदगी की लड़ाई

बता दें कि अवैध मिलावटी शराब के सेवन से इंदुरखी गांव के 25 वर्षीय मनीष जाटव और 22 वर्षीय छोटू जाटव की शुक्रवार को मौत हो

गई थी वही शिव सिंह जाटव ग्वालियर में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। बावजूद इसके आबकारी विभाग कुंभकरण की नींद से अभी तक नहीं जागा है।जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा आबकारी विभाग पर कार्यवाही नहीं की गई तो जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी एवं इंदुरखी गांव के दोनों बेटों के पिता नरेंद्र जाटव व ग्वालियर में इलाज करा रहे शिव सिंह के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने एवं इस मामले की पूरी जांच करा कर जिन लोगों के द्वारा इस अवैध शराब के कारोबार को चलाया जा रहा है। एवं इस पूरे कारोबार में संलिप्त अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही को लेकर आंदोलन करेगी।

पहले भी जा चुकी कई लोगों की जान,जिलेभर में फल-फूल रही अवैध शराब की फैक्ट्री

जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा कि अवैध मिलावटी शराब के सेवन से पहले भी दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।इसका खामियाजा बुजुर्ग माता-पिता एवं नवविवाहिताओं को भुगतना पड़ रहा है।इतना ही नहीं भिंड शहर के अलावा गोरमी,मेहगांव,गोहद, मालनपुर,मौ, अमायन, फूप,रोन, मिहोना, लहार में बड़े पैमाने पर अवैध मिलावटी शराब का कारोबार बड़ी ही सहजता से फल फूल रहा है। इसको लेकर आबकारी विभाग ने अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है।जल्द ही कांग्रेस पार्टी आबकारी विभाग के खिलाफ हजारों की संख्या में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। क्योंकि इस प्रकार के अधिकारियों की जिले में कोई जरूरत नहीं है।

स्वर्गीय पं. वैद्यराज जनमेजन शर्मा की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का हुआ आयोजन

लगभग 400 से अधिक मरीजों का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण वह निशुल्क वितरित हुई औषधियां

भिण्ड। स्वर्गीय पंडित वैद्यराज जनमेजय शर्मा की पुण्यतिथि अवसर पर कुण्डेश्वर महादेव मन्दिर शहर कोतवाली के सामने इटावा रोड भिण्ड पर रविवार को विशाल निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजक सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 400 से अधिक मरीजों ने अपना परीक्षण कराया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क औषधियां भी वितरित की गई। यह शिविर का आयोजन हम 2009 से प्रत्येक वर्ष करते आ रहे हैं । इस समय कोरोना काल में आयुर्वेद का अधिक महत्व बड़ा है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद ही एकमात्र विकल्प है। आयुर्वेदिक औषधियां रोग को जड़ से खत्म करती है इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है इसलिए आयुर्वेद जनमानस में अपना महत्व स्थापित कर चुकी है प्राचीन काल में यह भारतीय चिकित्सा का स्तंभ बनी और तब से अभी तक यह परंपरा महर्षि चरक महर्षि सुश्रुत महर्षि पतंजलि से होती हुई पूर्ण प्रचलित में समाज में स्थापित है कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. रमेशबाबू शर्मा, डॉ. बीएन भारद्वाज, डॉ. इन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, डॉ एस के राजोरिया डॉ नारायण स्वरूप श्रीवास्तव, डॉ. विश्वनाथ शर्मा, डॉ. नामदेव शर्मा, डॉ अवधेश सोनी, डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. वरुण शर्मा, डॉ. साकार तिवारी डॉ बृजभान सिंह बघेल, डॉ. मुन्नालाल मिश्रा, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. इब्राहिम खान डॉ. सीता सोलंकी, डॉ रश्मि ,डॉ. किशन लाल, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र कुशवाह, डॉ. शिशुपाल सिंह, डॉ. रमेश गौड़, डॉ. दीपेंद्र भदोरिया, डॉ अनूप भदौरिया, डॉ प्रदीप दोहरे डॉ सुनील त्रिपाठी निराला डॉ. किशन लाल कुशवाहा, डॉ जबर सिंह ने मरीजों का शुगर और बीपी का निशुल्क परीक्षण किया। साथ ही शिविर में इंजी.अर्जुन शर्मा शंभू, एडवोकेट आशुतोष शर्मा नंदू, हरेकृष्ण शर्मा, आकाश शर्मा, रामसिया शर्मा, अमन तिवारी हेमंत जोशी पत्रकार राम शंकर शर्मा पत्रकार कमल किशोर जोशी ने निशुल्क आयुर्वेद शिविर में विशेष सहयोग किया। शिविर में जुकाम, खांसी, बुखार, श्वांस, मलेरिया, पीलिया, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आमवात, बवासीर, उदर रोग, चर्म रोग, हृदय रोग, अनिद्रा एवं स्त्री रोग श्वेत एवं रक्त प्रदर, पुरुषों में धातु क्षय एवं नपुंसकता के मरीजों का परीक्षण कर के उन्हें निःशुल्क औषधियां भी प्रदान की गई।

खुमानपुरा से चोरों ने किया 22 हजार का माल चोरी

भिण्ड।

मालनपुर थाना क्षेत्र के खुमानपुरा में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर गहने सहित नगदी पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार राधाश्याम पुत्र अर्जुनसिंह निवासी मुखमानपुरा जिसके मकान को अज्ञात चोरों ने शनिवार शाम 4 बजे निशाना बनाकर सोने-चांदी के गहने सहित नगदी पर कर दी। पुलिस के अनुसार कुल 22 हजार रुपये की चोरी होना बताया जा रहा है जिसमें 12 हजार रुपये नगद है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पारा 3 डिग्री तक पहुंचा कंपकंपा रही सर्द हवाएं, पचमड़ी से ज्यादा ठंडा मौसम

अलाव से दिनभर चिपके रहे आमजन व मवेशी

भिण्ड। जिले में इन दिनों सर्दी पूरे यौवन पर है। रात-दिन सर्द हवाएं ठिठुरा रही है। रात को सर्द हवाएं और ओस की बूंदों ने पारा को गिरा दिया है। शहर का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस हो गया है। वहीं, दिन को भी सर्द हवाओं का प्रकोप बना हुआ है। दिन में भी लोग घर से बाहर निकलने में कंपकंपा रहे हैं।

जिले में इन दिनों पचमडी से भी ज्यादा ठंडा बना हुआ है। पिछले दिनों से रविवार को बेहद ठंडा मौसम रहा है।

उत्तर भारत से आने वाली बर्फीली हवाओं का प्रकोप लगातार बना हुआ है। यहां दिन-रात चार से पांच किलोमीटर की रफ्तार से सर्द हवाएं बह रही है। लोगों की सुबह नौ बजे के बाद हो रही है। सुबह साढे आठ से नौ बजे तक लोग बिस्तरों में दुबके रहते है। सुबह और शाम घर के आंगन व चौपाल पर लोग अलाव जलाकर हाथ-पैर सेकते नजर आ रहे है। शाम साढे सात बजे के बाद लोग सडकों पर दिखना बंद हो जाते है। ठंडी की वजह से कर्फ्यू जैसा माहौल सडकों पर बन रहा है। रात्रि नौ बजे के बाद कोहरे की घनी चादह शहर को अपने आगोश समेट लेती है। सूबह आठ बजे के बाद कोहरा छटना शुरू होता है। हालांकि दिन में 12 बजे के बाद कुछ देर के लिए ही सूर्यदेव दर्शन दे रहे हैं। इसके बाद फिर से गायब हो जाते है। रविवार को शहर का न्यूनतम तामपान 3 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 15 डिग्री है।

आबकारी विभाग के संरक्षण में पनप रहा मिलावटी शराब का अवैध कारोबार: मानसिंह

इंदुरखी में हुई दो सगे भाइयों की मौत को लेकर जिला अध्यक्ष ने लगाए आबकारी विभाग पर गंभीर आरोप

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । बीते रोज इंदुरखी गांव में मिलावटी शराब के सेवन से हुई दो सगे भाइयों की मौत को लेकर अखिल जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने आबकारी विभाग पर ना सिर्फ गंभीर आरोप लगाए बल्कि यह भी कहा कि जिले भर में मिलावटी एवं अवैध शराब का कारोबार आबकारी विभाग के संरक्षण में फल-फूल रहा है। इसका खामियाजा नई युवा पीढ़ी को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं आबकारी विभाग के आला अधिकारी अपने दफ्तर से निकलना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। वही मिलावटी शराब का कारोबार करने वाले महीनादारी के रूप में पैसा दफ्तर में ही पहुंचा देते हैं।इसी कारण आबकारी अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि इस मिलावटी अवैध शराब के कारोबार से कितने लोगों की जान जा रही है।

बुढ़ापे में छिना पिता का सहारा, दो की मौत एक लड़ रहा जिंदगी की लड़ाई

बता दें कि अवैध मिलावटी शराब के सेवन से इंदुरखी गांव के 25 वर्षीय मनीष जाटव और 22 वर्षीय छोटू जाटव की

शुक्रवार को मौत हो गई थी वही शिव सिंह जाटव ग्वालियर में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। बावजूद इसके आबकारी विभाग कुंभकरण की नींद से अभी तक नहीं जागा है।जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा आबकारी विभाग पर कार्यवाही नहीं की गई तो जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी एवं इंदुरखी गांव के दोनों बेटों के पिता नरेंद्र जाटव व ग्वालियर में इलाज करा रहे शिव सिंह के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने एवं इस मामले की पूरी जांच करा कर जिन लोगों के द्वारा इस अवैध शराब के कारोबार को चलाया जा रहा है। एवं इस पूरे कारोबार में संलिप्त अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही को लेकर आंदोलन करेगी।

पहले भी जा चुकी कई लोगों की जान,जिलेभर में फल-फूल रही अवैध शराब की फैक्ट्री

जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा कि अवैध मिलावटी शराब के सेवन से पहले भी दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।इसका खामियाजा बुजुर्ग माता-पिता एवं नवविवाहिताओं को भुगतना पड़ रहा है।इतना ही नहीं भिंड शहर के अलावा गोरमी,मेहगांव,गोहद, मालनपुर,मौ, अमायन, फूप,रोन, मिहोना, लहार में बड़े पैमाने पर अवैध मिलावटी शराब का कारोबार बड़ी ही सहजता से फल फूल रहा है। इसको लेकर आबकारी विभाग ने अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है।जल्द ही कांग्रेस पार्टी आबकारी विभाग के खिलाफ हजारों की संख्या में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। क्योंकि इस प्रकार के अधिकारियों की जिले में कोई जरूरत नहीं है।

एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

चैत्रई :- एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन श्री आईजी एस.वी.एस.टी.गौशाला के तत्वावधान में शनिवार सायं 6 बजे को आयोजन हुआ । गौभक्त श्री कृष्ण भगवान के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। गणेश वंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ जिसमें भजनकार गजेंद्र राव की ओर से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया ।लोगों ने बडी संख्या गो सहायतार्थ राशि दी। इस अवसर पर गौशाला परिसर में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी तामीलनाडु पॉन ब्रोकेर्स एवम् ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानन्द महाराज, गौ रक्षक हनुमान कछावा, गौ रक्षक गोविंद राठी ,आई माता मंदिर शमशाबाद सह-सचिव जगदीश काग,हैदराबाद जीड़ीमेटला वडेर सीरवी समाज के ट्रस्टी मांगीलाल काग ,अर्जुन लाल बर्फा ,नारायणलाल बर्फा, ताराराम पंवार ,भंवरलाल काग ,मांगीलाल सोंलकी, केसाराम सिंदड़ा सहित कई ट्रस्ट के सदस्य व अन्य श्रद्धालु आदि मौजूद थे। सभी गौ-प्रेमी भक्तजनों ने कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए मास्क लगाकर सामाजिक दुरी बनाकर सरकारी नियमो की पालना कर आयोजन को सफल बनाया।

वन-टू-वन

मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर बबलू भदौरिया द्वारा गरीबो को बाटे अम्बल

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । मकर संक्रांति के उपलक्ष में गुरु बाबा के आशीर्वाद से श्री राम कृष्ण रामदेव सेवा संस्था द्वारा ग्वालियर में बबलू भदौरिया सचिन राजावत सन्नी राजावत मनोज भदौरिया एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने व गंजबासौदा में संस्था के संचालक पंडित हरी नारायण पाठक जी देव पाठक श्याम पाठक राजकुमार सेन नंदगोपाल शर्मा सोनू यादव एवं संस्था के अन्य सदस्यों द्वारा गरीब ज़रूरत मंद लोगों को 201 कम्बल ओर तिल के लड्डू साथ ही सभी को मास्क भी वितरण किये गए ।

महिला मोर्चा ने बांटे मास्क व सैनिटाइजर्स लोगों से कहा मास्क लगाना ही हमारी सुरक्षा

मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे

पोरसा // भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष वंदना गुप्ता के द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम पोरसा पर पहुंचकर महिला पुरुष एवं बच्चों को मास्क सैनिटाइजर वितरण किए गए जिसमे महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा की कोरोना महामारी की तीसरी लहर हमारे पोरसा शहर में भी आ चुकी है हाल ही में कुछ लोग कोरोना पॉजिटिव भी हुए हैं जो भी कोरोना वैक्सीन से वंचित रह गए हैं वह जल्द से जल्द कोरोना वैक्सीन जरूर लगवा लें हमें अपनी सुरक्षा स्वयं करनी है और लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराना है कि बाहरी व्यक्ति से संपर्क में कम रहे ज्यादा लोगों के साथ भीड़ भाड़ में मास्क का उपयोग आवश्यक रूप से करें सैनिटाइजर का उपयोग करें तभी हम और आप सभी सुरक्षित रह सकते हैं और अपने पोरसा को भी सुरक्षित रख सकते हैं इस अवसर पर बीके रेखा बहन साहिब सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जसराम गुप्ता श्याम मुरारी बाबा ब्रजकिशोर सिंह तोमर योगेश शर्मा रमाकांत शर्मा वीरू तोमर कल्लू वर्मा परिमाल शर्मा पवन शर्मा लोकेंद्र तोमर सौरभ तोमर विकास तोमर आदि कार्यकर्ता व समाज सेवी उपस्थित रहे

फुसकान खेरा मंदिर पचैरा पर आयोजित हुआ पत्रकार मिलन समारोह

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल उर्फ सीटू गुर्जर

मेहगांव विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचैरा के फुसकान खेरा हनुमान मंदिर पर ग्राम पंचायत पचैरा के सरपंच बंटी त्यागी ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पत्रकार मिलन समारोह आयोजित किया। इस दौरान पत्रकारों के लिये भोजन आयोजित किया गया, एवं समसामयिक विषयों मे जैसे कोरोना के बढ़ते प्रकोप एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। साथ ही पत्रकार साथियों को उपहार स्वरूप भेंट कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मेहगांव के समस्त पत्रकार, समाजसेवी रज्जन भदौरिया, अजीत तिवारी सरपंच मेहदोली, बल्लू दुबे डोंडरी सरपंच, रामप्रकाश गर्ग अजनौधा सरपंच, समाजसेवी धर्मेंद्र दांतरे, पवन कुशवाह धनोली सरपंच, आदि लोग भी उपस्थित रहे।

इस दौरान पत्रकारों ने फुसकान खेरा हनुमान मंदिर की भव्यता भी देखी। पचैरा सरपंच बंटी त्यागी ने बताया कि आज का आयोजन आप सब को मंदिर के दर्शन कराने

के उद्देश्य से भी है। मंदिर परिसर में 1100 से भी अधिक वृक्ष लगाए गए है जो अपना पूरा आकार ले चुके है। वहीं हनुमान जी महाराज की सैंकड़ों वर्षों की प्रसिद्धि से आस्था का जनसैलाब उमड़ता है। ऐसे हनुमानजी महाराज का सानिध्य सभी पत्रकार साथियों को मिले एवं कोरोना महामारी से हम सबकी रक्षा करें ऐसी प्रार्थना भी है।

ग्राम पंचायत सेमरी में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को शत-प्रतिशत किया गया वैक्सीनेट

शत प्रतिशत वैक्सीनेट करने वाली पहली ग्राम पंचायत बनी सेमरी

राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626

पिछोर, अनु विभाग पिछोर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरी में वैक्सीनेशन महा अभियान अंतर्गत 15 से 18 वर्ष की उम्र की शेष र हे सभी बच्चों को डोर टू डोर जाकर वैक्सीनेट किया गया सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर महोदय जी की प्राथमिकता अनुसार हमने अनुविभागीय अधिकारी जेपी गुप्ता जी एवं जनपद सी ई ओ पुष्पेंद्र व्यास के निर्देशन और मार्गदर्शन में सबसे पहले हाई स्कूल सेमरी में कैंप आयोजित किया गया इसके बाद अप्रेवेसी बच्चों तथा संस्थागत पढ़ने वाली चीज बच्चों को डोर टू डोर जाकर वैक्सीनेट किया हमारी टीम ने ग्राम पंचायत सेमरी के समग्र डाटा को आधार मानकर वैक्सीनेशन कार्य किया जिसके अनुसार लक्षित सूची में कुल 265 बच्चे थे जिनमें से मृतक 01, पलायन 11 उम्र कम 02 इस प्रकार कुल 14 बच्चों को छोड़कर शेष सभी 248 बच्चों को वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत वेक्सिनेट किया गया उपरोक्त वैक्सीनेशन अभियान में ग्राम पंचायत सेमरी को शत प्रतिशत की श्रेणी में लाने के लिए सीएमओ जवाहर सिंह राजपूत ए ए एन एम वैजयंती बंशकार पटवारी संदीप पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा सोनी माधुरी गुप्ता राजीव गुप्ता साधना शर्मा रोजगार सहायक मुकेश गुप्ता आशा कार्यकर्ता योग्यता श्रीवास्तव कृष्णा लोधी बालू मुकेश बहादुर श्रीवास्तव दयाराम लोधी सहित ग्राम वासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही

धर्मगुरु ओर धर्मस्थ का हुआ स्वागत। मध्यप्रदेश दौरे पर पहुंचे दीवान साहब

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा

बड़वानी :-कुक्षी-आईपंथ तथा सीरवी समाज के धर्मगुरु परम पूज्य माधवसिंह राठौर दीवान साहब (पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार)मध्यप्रदेश दौरे पर पहुंचे।राजस्थान से लगे मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के ग्राम धराड में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा आई माता का धर्म रथ (वेल) ओर धर्मगुरु का कोरोना की गाइड लाइन का पालन करते हुए स्वागत सरकार किया गया।इसके बाद धर्मगुरु ओर धर्मरथ वेल का बड़वानी जिले में पहुंचने पर स्वागत किया गया।जैसे ही धर्मगुरु ग्राम सिवाई जिला बड़वानी पहुंचे समाज बंधुओ द्वारा गुरुजी की अगवानी की गई।दीवान साहब ने कहा - पेलो झूट तजो सुख पाई,दूजो तो मदमास छुड़ाई। सबसे पहले झूट मत बोलना बेईमानी मत करना ओर हमेशा मांस ,मदिरा से दूर रहने वाला व्यक्ति कभी भी असफल नहीं होता है।चाहे उसपर कितनी भी विपदा आए सत्य मार्ग पर चलने वाले का हमेशा भला ही होता है। सदा धर्म के कार्य किया करे।धर्म गुरु का स्वागत सकल पंच सिवाई ,सीरवी नव युवक मंडल द्वारा किया गया।यह जानकारी पूनम सिर्वी कुक्षी ने दी।

मौं मंण्डल में प्रथम आगमन पर डां कुशबाह जी का हुआ जोरदार स्वागत

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

मौ। मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बनने के बाद एवं उनके साथ माननीय अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य जी पिंकी सागर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भारत सिंह भदोरिया जी अनिल भारद्वाज जी का हुआ मौं मंण्डल मैं प्रथम आगमन पर जगह जगह स्वागत एंव फल से तोला गया इस अबसर पर मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह सज्जन सिंह यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष हर नारायण कुशवाहा मुन्ना गुर्जर रामजीलाल शर्मा मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य मुरारी यादव मटरु शर्मा कोमल यादव रघुराज जितरबई रामकेश गुर्जर फरेन्द सिकरबार मर्जाद सिंह यादव सोनू खां पूरन गोयल बलबिर जाटव अतुल राजपुत सोनू कुशबाह कोक सिंह कुशबाह परमाल कुशबाह सोमबीर शिवहरे बासदेव कुशबाह दिलीप कुशबाह पवन कुशबाह मिश्रि कुशबाह रामख्तयार गुर्जर जर्दान सिंह कुशबाह कार्यालय मंत्री बेताल गोड राजेश कुशबाह गुप्ता जाटव रामनरेश कुशबाह बेनीराम कुशबाह बन्टी कुशबाह हुकुम सिंह जयवीर कुशबाह आदिराम कु सहाब सिंह कुशबाह नवाव सिंह चतुर सिंह बिक्रम कुशबाह रामू कुशबाह पंकज कुशबाह डां सहाब कुशबाह डां बनबारि कुशबाह डां जय सिंह कुशबाह सोनू शर्मा रामख्तायर गुर्जर डां बेताल गोड़ पंकज कुशबाह राजेश कुशबाह भल्लूराम राकेश कुशबाह सोनू लाखन सिंह परमाल सिंह जनपद सद्सय कल्लू कुशबाह जितेन्द सिंह दीपक यादव राकेश कुशवाह राजू कुशवाहा अनार सिंह यादव विक्की जैन अशोक जाटव अजय कुशवाहा आदि।

बिधुत राशि बकायादारो पर चला विशेष अभियान, दो दिन में बसूले 207597/- रु.

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- मप्र विधुत वितरण केंद्र दबोह द्वारा 15-16 जनवरी 2022 को विधुत राशि बकायादारों के खिलाफ विशेष बसूली अभियान चलाया गया।जिस दौरान मुख्य महाप्रबंधक के निर्देशानुसार बाहर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई।जिसके चलते दबोह क्षेत्र में बसूली के लिए आदित्य सिंह प्रबंधक एच आर को जिम्मेदारी सौंपी गई।शनिवार-रविवार को आदित्य सिंह समेत दबोह विधुत विभाग केंद्र सुपरवाइजर अशोक डावर ने दबोह नगर में विधुत के बकायादारों से राशि जमा कराई।जिस दौरान कई लोगो ने राशि जमा कर आगे आने वाली समस्या से निजात पाई।इस दौरान विशेष बसूली अभियान में बिधुत विभाग दबोह ने 15 जनवरी को एक लाख सात हजार की बसूली की व इसी

क्रम में 16 जनवरी को एक लाख पांच सौ सत्तानवे रुपये की बसूली की कुल मिलाकर दो दिवस में विधुत विभाग दबोह ने दो लाख सात हजार पांच सौ सत्तानवे की बसूली की।इसी दौरान 16 जनवरी को विधुत चोरी के भी प्रकरण बनाये गए जिसमे 126/2 का एक व 138/1 का एक प्रकरण बनाया गया जिसकी राशि 65000/-रू. है।बिधुत बसूली के चलते दबोह सुपरवाइजर अशोक डावर ने समस्त बकायादार उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि

समय पर अपना अपना बिल जमा कराएं।साथ ही 31 जनवरी तक पंप कनेक्शन धारक व घरेलू सब्सिटी कनेक्शन धारक अपने अपने आधार कार्ड व मोबाइल नम्बर को ऑफिस आकर लिंक कराएं।सुपरवाइजर अशोक डावर ने विधुत उपभोक्ताओं से अपील की है कि शासन द्वारा समाधान योजना का समय बढ़ाकर 31 जनवरी कर दिया है।इसलिए समय पर सभी उपभोक्ता समाधान योजना का भी लाभ उठाएं।

श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति की ओर से मकरसक्रातिं के पर्व पर एक लाख 95 हजार रूपए शिक्षा के लिए सुपुर्द किये

पुष्पाजंली टुडे पाली :-समिति ने समाज के शिक्षाप्रेमी मानवप्रेमी दानदाताओ के बहुमुल्य सहयोग से यह काम हो रहा है समिति के चौथे महाअधिवेसन मे समिति मे आये शिक्षा के आवेदनो की जाच परख कर मकरसक्रातिं के पावन पर्व पर कुल 10 आवेदन पास किये 10 जनो को समिति से कुल राशी एक लाख पचेनव हजार आठ सो अस्सी रुपये) की मदद की गई जिसमें मैसुर से एक परिवार दो बच्चौ की फिस =25हजार रूपये गांव छोडा से एक नारीशक्ती पिताविहीन को कक्षा 11 वी फिस=21हजार रूपये बिलाडा से नारीशक्ती प्रथम वर्ष को शिक्षा के लिये 11हजार रूपये भावी गाव से नारी शक्ती को प्रथम वर्ष मे शिक्षा के 10 हजार रूपये मडला गांव नारी शक्ती खेल व शिक्षा के लिये=29हजार रूपये गांव केरला चाटेलाव पाली मे अध्यनरत बि.ए. शिक्षा हेतु 11 हजार रूपए बिलाडा से नारी शक्ती पिताविहीन कक्षा 12 वी को शिक्षा हेतु 11हजार रूपये गाव उदलियावास से दो पिताविहिन दो भाई व बहिन को कक्षा 12 मे शिक्षा के लिये 21हजार रूपये गांव सोडावास डि.एड. तिसरा वर्ष कर रही. नारीशक्ती के शिक्षा हेतु 26हजार आठ सो. रूपये हजार गाव पाबुजी देवली से जोधपुर मे अध्यनरत बि.फोर्मा तिसरा वर्ष मे लडके को शिक्षा हेतु 30हजार रूपये समिति अब तक समाज के जरुरतमंद कुल 180 परिवारो को कुल 48 लाख तक की मदद दी गई ।समिति ने समाज का सीरवी समाज छात्रावास जोधपुर मे मरम्मत काम हेतु एक लाख दिये गये ।कोराना काल मे समिति ने मानवप्रेमी दानदाताओ के सहयोग से दो एम्बुलेस एक सौजत व दुसरी जैतारण क्षेत्र मे जनता की सेवा हेतु सुदुर्प की गई।

नशा मुक्त समाज से ही गॉव और देश का होगा विकासः स्वामी अमृतानंद महाराज

सैकड़ों लोगों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

नशामुक्त भारत अभियान के तहत रमन शिक्षा समिति ने किया जागरूकता कार्यक्रम

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। किसी भी देश और गांव के विकास में युवा एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जब वही युवा गलत संगत से भटक कर जीवन के मूल उदेश्यो से दूर होते जा रहे हैं, जो कि पतन के रास्ते पर चल रहे हैं ऐसे युवाओं को नशे से मुक्ति के लिए प्रेरित करना हम सभी की जिम्मेदारी है क्योंकि नशा मुक्त समाज से ही गॉव और देश का विकास होगा। यह बात रानी घाटी राम जानकी मंदिर पर एक दिवसीय नशा मुक्ति शिविर मे स्वामी आत्मानंद महाराज ने कही। रमन शिक्षा समिति एवं श्री कृष्णयान देसी गौ रक्षा एवं गोलोक धाम सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी प्रेमानंद जी महाराज , स्वामी कमलानंदजी महाराज, स्वामी अमृतानंदजी महाराज, माखन? महाराज, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नितेश शर्मा, राष्ट्रीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक हरिओम गौतम उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय निवासियों हेतु आयुष्मान कार्ड एवं मेडिकल कैंप भी लगाया गया। जिसमे डॉ? अनिल यादव, डॉ? के एस बघेल एवं सहयोगी गितम् यादव, पुस्पेंद्र गुर्जर जी के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की गयी। कार्यक्रम मैं रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम ने कहा कि नशा शुरू करने की मुख्य वजह अज्ञानता, देखा देखी, उन्मुक्तता, गलत संगति का प्रभाव, लाइफस्टाइल, अधिक कार्य करने का लालच जैसी बातें सभी गलतफहमी हैं। उन्होंने कहा कि अगर इंसान नशे के दुष्प्रभाव को समझ लेता है, तो निश्चित रूप से इससे बाहर निकल सकता है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से बचाने की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने शिविर में युवाओं को जीवनभर नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई नशे को मानवता का दुश्मन बताते हुए नशे से दूर रहने, समाज में फैल रहे नशे को रोकने के लिए वर्तमान की आवश्यकता के रूप में जनजागृति पैदा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर परअभिनव गुप्ता, अभिषेक शर्मा, रामदास माह?र, विनय दीक्षित, आशीष च?हान, बेताल केन, रिषभ दुबे, निक्की दुबे, अमित मण्डेलिया आदि उपस्थित थे।

वन-टू-वन

नेशनल लोक अदालतों का आयोजन

भोपाल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत का कैलेण्डर अनुमोदित किया गया है। जिसके अनुसार वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को, द्वितीय 14 मई को, तृतीय 13 अगस्त, को तथा अंतिम 12 नवंबर 2022 को संपूर्ण देश के तहसील न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक आयोजित की जावेगी। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय मामलें, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोडकर), सेवा मामलें, सेवा निवृत्ति संबंधी लाभों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। राजस्व प्रकरण (न्यायालय में लंबित प्रकरण), दिवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा ।

पत्नी पसंद नहीं आई तो नहर में फिकवा दिया

भोपाल। पत्नी हाइट कम थी तो पति को पसंद नहीं आई। इसके बाद पति ने अपने भाई के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रच डाली। प्रदेश के श्योपुर जिले के वीरपुर इलाके में हुई महिला की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति, देवर सहित अन्य ससुरालवालों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पड़ताल में पता चला है कि पत्नी का छोटा कद होने के कारण पति को पसंद नहीं थी, इसलिए उसने भाई से कहकर उसे नहर में फिकवा दिया और हत्या को हादसे का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। वीरपुर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि 30 वर्षीय रेखा पत्नी मस्तराम उर्फ संजीव रावत निवासी गोहर थाना वीरपुर 28 दिसंबर को अपने चचेरे देवर 19 वर्षीय रघुवीर पुत्र रामजीलाल रावत के साथ बाइक से वीरपुर आ रही थीं। पांचों कॉलोनी के पास रेल की पटरी के पास बाएं तरफ चंबल नहर के कच्चे रास्ते पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर नहर में चली गई। देवर-भाभी नहर में डूबने लगे। बाइक को नहर में गिरता हुआ मोगिया समाज के कुछ युवाओं ने देख लिया। युवाओं ने नहर में कूदकर युवक को बचा लिया था, लेकिन रेखा पानी के तेज बहाव के साथ बह गई थी। हादसे के दो दिन बाद महिला का शव वीरपुर से करीब 2 किमी दूर गया था। विजयपुर एसडीओपी निर्भय सिंह अलावा ने जांच की तो राजस्थान के पांचोली निवासी मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर बेटी को नहर में षड़यंत्र करके डूबाकर मारने का आरोप लगाया था। जांच के बाद पुलिस ने रघुवीर पुत्र रामजीलाल रावत निवासी गोहर, पति मस्तराम उर्फ संजीव पुत्र श्रीनिवास रावत निवासी गोहर, हरदेवी उर्फ गुड्डी पत्नी उदय रावत निवासी सांकरा थाना जौरा हाल वीरपुर, उदयसिंह पुत्र टीकाराम रावत निवासी वीरपुर के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस ने शव का पीएम कराकर स्वजनों को सौंप दिया था।

कोरोनाः हजारों शादियों पर छाए संकट के बादल मैरिज गार्डन वाले भी आशंकाओं से घिरे

भोपाल। कोरोना वायरस के कारण राजधानी में लाकडाउन लगाने की नौबत आ गई तो हजारों शादियों पर संकट के बादल छा जाएंगे। वहीं मैरिज गार्डन वाले भी आशंकाओं से घिर गए हैं उनकी बु?किंग भी ?निरस्त हो सकती है। य?दि मेहमानों की संख्या प्रशासन ने 250 से कम करके 50 कर दी तो शहर के मैरिज गार्डनों व शादी हाल से होने वाली शादियों के आयोजनों पर संकट आ जाएगा। ऐसे में जिनके घर शादियां हैं वो तो असमंजस में हैं ही, मैरिज गार्डन वाले भी आशंकाओं से घिरे हैं। दरअसल 15 जनवरी से खरमास खत्म होने से शादियों के मुहूर्त शुरू हो गए है। इस माह 15 से 29 जनवरी तक शादियों के मुहूर्त हैं। 22 जनवरी को अधिक शादियां होनी हैं। इस महीने में शहर में 3000 शादियां होंगी। शहर के लालघाटी, होशंगाबाद रोड, कोलार, भेल, गांधी नगर, करोंद सहित शहर के अन्य इलाकों में 400 मैरिज गार्डन व शादी हाल शादियों के आयोजन के लिए बुक हैं।

मीडिया संघ में जिलाध्यक्ष उमाकान्त शर्मा व जिलाउपाध्यक्ष संजीव शर्मा मनोनीत हुए

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी(वरिष्ठ पत्रकार) की अनुशंसा पर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया ने जिला भिण्ड में संघ का जिला अध्यक्ष उमाकान्त शर्मा (संवाददाता पुष्पांजली टुडे न्यूज़) , जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा(जिला ब्यूरो चीफ ऋक्क न्यूज़) को नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उमाकान्त शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने मनोनयन पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि उन्हें जो यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको ईमानदारी से निभाएंगे पत्रकार बंधुओं की हर समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे पत्रकार हित के लिए शासन प्रशासन से संघ की ओर से पत्रकार हित के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में पंकज त्रिपाठी, अरुण शुक्ला, विवेक पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव गिर्राज सिरोठिया, राजू सिरोठिया, डी. के. शर्मा,कमल पाण्डेय, सुनील पचौरी,फिरंगी नरवरिया, संजू नरवरिया, निर्मला शाक्य,अनिल सिंह,शिवराज सिंह,शैलेन्द्र सिंह कुशवाह,अमित शर्मा ने बधाइयां प्रेषित कीं।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन ने निशुल्क मास्क वितरण

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी - आज शिवपुरी के मेन चौराहा माधव चौक पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा निशुल्क वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया इसमें आने जाने वाले सभी लोगों को मासिक वितरण कर लोगों को जागरूक करने का और कुरान से बचाव करने के लिए सलाह दी गई मासिक वितरण पैदल चल रहे राहगीर बाइक पर चल रहे राहगीर और टैक्सी चला रहे ड्राइवर और सवारियों को मासिक वितरण कर करुणा के प्रति जागरूक रह जागरूक और सचेत रहने का आह्वान किया इसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला संरक्षक अरुण लाल शर्मा जी मौजूद रहे और डॉ बीके शर्मा शहर अध्यक्ष राजकुमार पांडे संरक्षक रामदयाल शर्मा वार्ड अध्यक्ष हरिओम शर्मा यशवंत शर्मा महेंद्र शर्मा सचिव रामदयाल शर्मा प्रमोद शर्मा रामगोपाल शर्मा विपिन शर्मा पवन शर्मा देवेंद्र शर्मा उमाशंकर शर्मा राजू शर्मा उमेश शर्मा आदि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे

स्कूल बंद पर पढ़ाई रहेगी चालू सोमवार से हमारा घर.हमारा विद्यालय में घर पर ही पढ़ेंगे विद्यार्थी

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मध्यप्रदेश के शालेय विद्यार्थियों का दैनिक रुटीन सोमवार, 17 जनवरी से कुछ बदला बदला सा होगा। उनके स्कूल तो बंद रहेंगे पर उनके घर का एक हिस्सा ही उनका स्कूल बन जायेगा। घर के बड़े उनके मेंटर्स की भूमिका में होंगे तो पढाई के टिप्स उन्हें रेडियो और वाट्सएप से प्राप्त होंगे। कोविड-19 से बच्चों को सुरक्षा देने शासन ने कक्षा 1 से 12 के स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि विद्यार्थियों की पढाई की निरन्तरता भी आवश्यक है। इस दृष्टि से गृह आधारित शिक्षा की भी व्यवस्था पुनः प्रारंभ की जा रही है। इसमें 17 जनवरी से 卐हमारा घर-हमारा विद्यालय卐 कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें पूर्व की भाँति प्रतिदिन एवं नियमित अध्ययन हेतु घर में ही शाला जैसा वातावरण निर्मित कर शैक्षिक गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थी अपने घर के वातावरण, परिवेश, परिवार के बड़े-बुजुर्गों, वरिष्ठ शाला/कॉलेज में अध्ययनरत बडे भाई-बहन के सहयोग से घर पर ही रहकर पढ़ाई करेगें। इसमें बच्चे के पास सीखने के स्त्रोत के रूप में उपलब्ध रेडियो, पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिका के आधार पर लर्निंग पैकेज तैयार किया गया है। हमारा घर-हमारा विद्यालय卐 कार्यक्रम में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 卐रेडियो स्कूल卐 का प्रसारण सोमवार से शनिवार प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे के मध्य प्रसारित होगा। जिसे आकाशवाणी और विविध भारती के प्रदेश स्थित सभी प्रसारण केन्द्र एक साथ रिले करेंगे। साथ ही डिजीलेप वाट्सएप समूहों के माध्यम से भी शैक्षिक सामगी प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही विद्यार्थी अपने घरों पर ही एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका पर भी कार्य करेंगे। प्रतिदिन परिवार के बड़े सदस्य प्रातः 10 बजे घंटी/थाली बजाकर विद्यालयीन कार्य प्रारंभ करेंगे और 10 से 11 बजे के मध्य विद्यार्थी डिजीलेप वाट्सएप ग्रुप्स पर प्राप्त शैक्षिक गतिविधियों को देखकर अध्ययन एवं अभ्यास करेंगे। प्रातः 11 से 12 बजे तक 卐रेडियो स्कूल卐 प्रसारण को सुनेंगे एवं ततसंबधी गतिविधियाँ करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका पर कार्य करेंगे। इन सभी कार्यो की मॉनिटरिंग संबंधित विद्यालय के शिक्षक करेंगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश सभी जिला कलेक्टर्स को भेजे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं उनके परिवार के बड़े सदस्यों से अपेक्षा की है किए इस दौरान विद्यार्थियों को सहयोग करें एवं उन्हें घर में भी शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराएँ।

परिवार के सदस्यों की भूमिका

शिक्षा का स्थान / कोना निर्धारित समय पर बच्चों का घर में लिखने.पढ़ने के लिए एक स्थान नियत करेंगे और निर्धारित विषय का कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे। बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे गतिविधि के अनुसार यथासंभव पेंसिल, कापी, स्केचपेन, कलर, पेंसिल, पुराने पेपर आदि उपलब्ध कराएँगे। ष्द्वद्वद्वरश्वक्क वीडियो के माध्यम से प्राप्त सामग्री के अध्ययन के लिये सुविधानुसार बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराना। बच्चे पूरे सप्ताह की गतिविधियों के आधार पर 1 से 2 मिनिट का ऑडियो रिकार्डिंग अथवा वीडियो तैयार करके अपने कक्षा ग्रुप पर भेजेंगे, जिसमें पालक उनकी मदद करेंगे। प्रतिदिन एक पेज हिन्दी एवं अंग्रेजी का लेखन एवं गणित का मौखिक अभ्यास कराएँगे।

शिक्षकों की भूमिका

शिक्षकों के मोबाइल पर एक दिवस पूर्व शाम को 8 बजे तक ष्द्वद्वद्वरश्वक्क के वीडियो भेजे जाएँगे, जिन्हें अगले दिन आपको कक्षा के वाट्सएप ग्रुप पर प्रातः 10 बजे तक भेजना होगा। भेजने से पूर्व वीडियो देखें एवं बच्चों को लिखित / ऑडियो के माध्यम से व्हाट्स एप समूह पर सूचना दें।प्रतिदिन अपने विद्यालय के कम से कम 5 बच्चों से मोबाइल के माध्यम से पढ़ी गई सामग्री पर चर्चा कर अगले दिन की सामग्री के बारे में बताना तथा रिकार्ड संधारित करना। प्रतिदिन विद्यालय समय में गाँव / शहर के एक मोहल्ले में 5 बच्चों (जिनके पास मोबाइल उपलब्ध नहीं है) के घर जाकर गृह सम्पर्क के रूप में हमारा घर हमारा विद्यालय के कार्य का अवलोकन एवं आकलन करेंगे तथा फीडबेक देंगें। बच्चों से उनकी समस्याए पूछेंगे तथा उनका समाधान करेंगे।समय सारिणी अनुसार गतिविधियों का अवलोकन एवं आंकलन करना तथा अपना फीडबैक डायरी में प्रस्तुत करेंगे। इसी के साथ शिक्षक बच्चों से गृह कार्य जैसे एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिकाए बच्चों के प्रतिदिन पढ़ने एवं लिखने की कॉपी की जाँच करेंगे, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे एवं उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

प्रधानाध्यापकों की भूमिका

प्रतिदिन अपने विद्यालय के शिक्षकों से चर्चा कर उनसे समय सारिणी के अनुसार 卐हमारा घर-हमारा विद्यालय卐 के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। प्रतिदिन कम से कम 5 अभिभावकों से चर्चा कर उन्हें हमारा घर हमारा विद्यालय के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करायेंगे तथा बच्चों को उसके अनुसार पढ़ाई करवाने हेतु प्रेरित करेंगे। ष्द्वद्वद्वरश्वक्क वीडियो के माध्यम से प्राप्त सामग्री के अध्ययन के लिये सुविधानुसार बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करेंगे। पाँच विद्यार्थियों के घर जाकर बच्चों के प्रतिदिन पढ़ने एवं लिखने की कॉपी की जाँच करेंगे, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे शिक्षकों को सम्पादित किये गये आवंटित कार्यो को देखेंगे एंव रिकार्ड रखेंगे उक्त समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग एम शिक्षा मित्र एप के माध्यम से की जायोगी। डीपीसी जिला एवं ब्लॉक स्क्वड्र के माध्यम से कक्षावार 5 व्हाट्सएप समूह की गतिविधियों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करेंगे। जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों ;एपीसीण् बीआरसीण् बीएसी एवं जन शिक्षकद्ध एवं डाइट फेकल्टी के द्वारा भी कक्षावार प्रतिदिन 5 व्हाट्सएप समूह में जुड़कर गतिविधियों की मॉनीटरिंग एवं आवश्यक सहयोग किया प्रदान किया जायेगा। साथ ही जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी एवं डाइट फैकल्टी प्रतिदिन पाँच शिक्षकों से दूरभाष पर चर्चा कर 卐हमारा घर-हमारा विद्यालय卐 की गतिविधियों जानकारी प्राप्त करेंगे एवं समस्याओं का निराकरण करेंगे।

लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिवर रक्तदान से बड़ा नही होता कोई दान- आनंद लोधी

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़

आगरा। संकल्प मानव सेवा संस्था ने अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मानव सेवा चेरीटेबल ब्लड बैंक मदिया कटरा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया संकल्प मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष एवम अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया की शिवर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया और महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी को जन्मदिन की बधाई दी। अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने एक एक रक्तवीर का आभार प्रकट किया और कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सामाजिक संस्थाएँ शहर में ही रक्तदान जैसे कार्यक्रमों का

आयोजन करती रही है। पर संकल्प मानव सेवा संस्था शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक कर रही है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से आवाहन किया कि वो निसंकोच होकर आगे आये और हर तीन माह के अंतराल पर रक्तदान करे जिससे जरूरत मंद की जान बच सके । प्रदेश महामंत्री हरिओम लोधी ने कहा कि अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा संकल्प मानव सेवा संस्था के साथ आगरा के अलावा अन्य जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिये समय समय पर अभियान चलाएंगे। शिवर में हरिओम लोधी उमेन्द्र राजपूत अनिल बी डी सी अरुण कुमार सिंह (एस.आई) डॉ राजेन्द्र सिंह लोधी ओमप्रकाश चौधरी ललित आर्य अशोक वर्मा मनोज राजपूत इत्यादि ने रक्तदान किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी एवम राजेन्द्र सिंह लोधी राजपूत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैरीकेटिंग कर अधिक संक्रमण वाले सभी गली-मोहल्लों को बनाएं कंटेनमेंट जोन : कलेक्टर

बैठक लेकर सभी इंसीडेंट कमाण्डर को दिए निर्देश

बेरीकेटिंग में असहयोग करने पर होगी आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई

ग्वालियर। जिन गली-मोहल्लों में अधिक संख्या में कोरोना मरीज मिलें, उन गली-मोहल्लों में बैरीकेटिंग कर कंटेनमेंट जोन बनाएँ, जिससे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोका जा सके। कंटेनमेंट जोन के काम को गंभीरता से लें, इसमें किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इंसीडेंट कमाण्डर की बैठक में दिए। उन्होंने कहा बेरीकेटिंग के साथ-साथ कंटेनमेंट जोन से संबंधित फ्लेक्स भी लगाए जाएं।

रविवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी इंसीडेंट कमाण्डर को निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग के काम में असहयोग करने वाले नगर निगम के जेडओ एवं लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। अभियान बतौर कंटेनमेंट जोन बनाने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं सभी इंसीडेंट कमाण्डर के क्षेत्र में बैरीकेटिंग का निरीक्षण करेंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने इंसीडेंट कमाण्डर को यह भी निर्देश दिए कि हर शाम को जांच रिपोर्ट के आधार पर कोरोना पेशेंट की जानकारी मिलते ही मरीजों से संपर्क किया जाए। साथ ही इंसीडेंट कमाण्डर अपनी टीम में शामिल चिकित्सक के माध्यम से मरीजों से चर्चा कराकर यह सुनिश्चित करें कि किस मरीज को होम आईसोलेशन में और किसे अस्पताल या कोविड केयर सेंटर में रखा जाना है। उन्होंने कहा सभी मरीजों तक जल्द से जल्द दवाओं की किट पहुँच जाना चाहिए। साथ ही शतप्रतिशत मरीजों के घर पर भ्रमण कर पर्चा चिपकवाएं और दवाओं के साथ मरीज को गाइडलाइन का पेम्प्लेट भी आवश्यक रूप से दें, जिसमें सभी टेलीफोन नम्बर हों ताकि मरीज को यदि कोई परेशानी हो तो वह उन फोन नम्बर पर संपर्क कर अस्पताल पहुँच सके।

स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से हर मरीज से सतत संपर्क कर उन्हें आवश्यक सहायता मुहैया कराई जा रही है। इंसीडेंट कमाण्डर जरूरत होने पर दवायें आदि पहुँचाने में कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर पर तैनात टीम एवं एम्बूलेंस का सहयोग ले सकते हैं।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले सहित जिले के सभी एसडीएम एवं इंसीडेंट कमाण्डर मौजूद थे।

घर-घर करें संपर्क, कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटे नहीं

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 15 से 17 वर्ष तक के बच्चों के कोरोना टीकाकरण अभियान की भी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि 15 से 17 वर्ष तक का जिले का एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण अभियान में और तेजी लाने पर बल दिया।

कोरोना से घबराएँ नहीं, सावधानी बरतें : श्री सिलावट

जिलेवासियों से प्रभारी मंत्री ने की अपील

कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को दूरभाष से दिए जरूरी निर्देश

ग्वालियर। कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है, इससे घबराने की नहीं सावधानी बरतने की जरूरत है। हर व्यक्ति सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करे और मास्क लगाए। साथ ही सभी को कोरोना की दोनों डोज लगवाना जरूरी है। तभी हम कोरोना को परास्त कर पायेंगे। यह अपील ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने शहर वासियों से की। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरे प्रयास कर रही है कि प्रदेश के नागरिकों को कोरोना के इलाज के लिये बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिलें। नागरिकगण भी कोविड अनुरूप व्यवहार करें, जिससे कोरोना को हराया जा सके। उन्होंने 15 से 17 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण में सहयोग करने की अपील भी जिलेवासियों से की है। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने इंदौर से रविवार को कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह से दूरभाष पर चर्चा की और कहा कि करते हुए कहा कि कोरोना की जांच एवं टीकाकरण की सतत मॉनिटरिंग करें तथा निरंतर सर्वे कराते रहें। जन जागरूकता अभियान के माध्यम से आम जनों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए। इस अभियान में शहर के प्रबुद्ध जनों व धर्म गुरुओं को भी जोड़ें। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने दूरभाष पर चर्चा कर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल से कहा कि भीषण सर्दी को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल एवं शहर में सभी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराएं। शहर के सभी रैन बसेरों में रजाई, गद्दे, भोजन, गरम पानी एवं अलाव जलवाने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोविड गाइडलाइन का पालन हो और सभी रैन बसेरों पर सैनिटाइजर व मास्क की व्यवस्था हो। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में लगभग 80 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं और जहां भी आवश्यकता हो अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए।

आँगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन 31 जनवरी तक स्थगित

रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार का होगा वितरण

पात्र हितग्राहियों को टेक होम राशन

ग्वालियर। प्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने 31 जनवरी, 2022 तक आँगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन को स्थगित कर दिया है। संचालक महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने बताया कि 31 जनवरी तक आँगनवाड़ी संचालन की स्थिति स्थगित रहने तक गर्म पके भोजन के स्थान पर अब रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। साथ ही टेक होम राशन में पात्र हितग्राहियों को उनके घर पर पोषण आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. भोंसले ने बताया कि आँगनवाड़ी केन्द्र में उपलब्ध कराई जाने वाली अन्य आवश्यक सेवाएँ यथावत रहेंगी। प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को उक्त आशय की जानकारी देने एवं शासन के निर्णय का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। आँगनवाड़ी के हितग्राहियों को रेडी-टू-ईट पोषण आहार वितरण में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये निर्धारित मानक प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए महिला-बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर्स के माध्यम से जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी द्वारा स्थानीय परिस्थिति के मद्देनजर आँगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन पर निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया गया था।

पूर्व तहसीलदार की जगह तीन बदले अब सिकरवार आए

कोबिद 19,,, योद्धा श्री रामनिवास सिकरवार तहसीलदार,तथा डॉक्टर अतिबल सिंह यादव डिप्टी कमिश्नर ने गैस प्लांट चलाकर तीसरी लहर की तैयारी में प्लांट चालू पूर्व तहशीलदार कुलदीप की जगह तीन बदले अब सिकरवार आए, अतिबाल सिंह यादव डिप्टी कमिश्नर तीसरी वार भी प्रभार में लगातार ।

महाराज बाड़ा को बदसूरत करने वाले शराब के दुकानदारों एवं पार्किंग के शासकीय ठेकेदार सहित लगाए 22,050 जुर्माना एवं दुकानदारों से सफाई कराई गई

आज शासकीय अवकाश रविवार के दिन जिला प्रशासन नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के अंतर्गत महाराज बड़ा की खूबसूरती को खराब करने वाले शासकीय पार्किंग के ठेकेदार सहित दुकानदारों पर भारी जुर्माने की कार्यवाही की गई वहीं पर ऐसे दुकानदार जो महाराज बालाजी आधा काम चला माधवगंज चौराहे तक जाने वाली रास्ते को जाम करके अतिक्रमण किए हुए थे उन सभी के अतिक्रमण ना केवल हटाए गए एवं वहीं पर ऐसे दुकानदारों को जिनके द्वारा मौके पर गंदगी फैलाई जा रही थी उन सभी दुकानदारों से मौके पर ही एवं गंदगी हटाई गई एवं सफाई कराई गई साथ ही उन पर भारी जुर्माने की भी कार्रवाई की गई जिसमें प्रिंसी देसी शराब की दुकान पर ?5000 का जुर्माना अंग्रेजी शराब की दुकान पर जुर्माना एवं गजक की दुकान दार पर भी जुर्माने की कार्रवाई की गई है ।

कार्रवाई के समय एसडीएम श्री अनिल बनवारीया नगर निगम से अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता डब्ल्यूएचओ सहीद नगर निगम का अमला एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

वार्ड 30 में कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए वार्ड 30 सरस्वती नगर में भाजपा नेता एवं समाज सेवी रॉबिन पाल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बीज निगम के अध्यक्ष मुन्ना लाल गोयल जी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी जी, जिला अध्यक्ष कमल माखीजनी जी, पूर्व महापोर समीक्षा गुप्ता जी, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया जी, मंडल अध्यक्ष उमेश भदौरिया जी, प्रेम मंडेलिया जी, विजय सक्सेना जी, श्रीमती मिथिलेश बघेल जी, दीप जी , एवम मंडल के अन्य पद अधिकारियों का नागरिक सम्मान वार्ड 30 के बरिष्ठ जनो के द्वारा श्रीफल और शॉल देकर किया गया। इस अवसर पर माननीय अतिथियों द्वारा सूर्य देव पर पुष्प अर्पित कर और माँ तुलसी पर जल अर्पण किया गया। इस अवसर पर बरिष्ठ जनो में कार्यक्रम निदेशक योगेश बनर्जी जी, बसंत भदौरिया जी राकेश अग्रवाल, प्रदीप उपाध्याय, मदन गोपाल शर्मा, हेमंत उपाध्याय,चंद्रभान गुप्ता, मुकेश गुप्ता, , शिखा बनर्जी, युवा साथी वंशिका,मंजरी,रितिक पाल, अरुण श्रीवास्तव, एवम समस्त वार्ड30 रहवासी उपस्तिथ रहे।कार्यक्रम के समापन में रॉबिन पाल की माँ श्रीमती बीना पाल जी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और वार्ड 30 वार्ड रहवासियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं समृद्धि की मंगल कामना की गई ।

विधायक डॉ. सिकरवार ने स्वीकृत और गतिशील विकास कार्यो की जानकारी दी

क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही आने दी जायेगी

ग्वाल्यिर। 16 ग्वाल्यिर पूर्व से कांग्रेस के जुझारू विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 18 में स्वीकृत और गतिशील विकास कार्यो की जानकारी देते हुये कहा कि विकास कार्य निरन्तर चलने वाली सतत् प्रक्रिया है और मै क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोडूगा। कांग्रेस पाटी विकास कार्यो को जन भावनाओं के अनुरूप पूर्ण कर रही है और आगे भी विकास कार्य करती रहेगी। विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड 18 में निम्न स्थानों पर सड़क / नाली निर्माण कार्य कराये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी दी (1) राज इण्टर प्राईजेज के सामने वाली गल्री डी.डी.नगर ई-ब्लॉक की विथिन्न गल्यिों (2) राज दर्शन सिंह के मकान से हरीराम एवं योगेश शर्मा के मकान तक डी.डी.नगर ई.एम.ब्लॉक में सी.सी.रोड (3) शिवदयाल चतुर्वेदी वाले केम्पस सेक्टर सी में सी.सी. रोड़ व नाली निर्माण कार्य (4) आदित्यपुरम में सेन्ट्रल अकादमी स्कूल के पास श्री जैन के मकान से आर.ए.त्यागी के मकान तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (5) आदित्यपुरम में सरकार गार्डन से दण्डोतिया मार्केट तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (6) आदित्यपुरम राजेश्वरी गार्डन से गणेश चौक तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (7) आदित्यपुरम ए-ब्लॉक में विभिन्न गल्यिों में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (8) शंकर आटा चक्की से रामू के घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (9) लिटिल मिलेनियम स्कूल के आस-पास वाली गल्री में दीनदयाल नगर ई.ई.ब्लॉक में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (10) राजेन्द्र टेन्ट हाउस से कान्ता निवास प्रेमसागर गुप्ता के मकान से होते हुये राजू गुर्जर के मकान तक दीनदयाल नगर ब्लॉक ई.एम. में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य (11) लक्ष्मी किराना स्टोर श्रीमती रामदेवी के पास जयवीर श्रीवास्तव, श्रीमती अंगूरी ई.एल. 683 गीता मिश्रा के मकान तक दीनदयाल नगर ई.एल. ब्लॉक में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य।

दिंगंबर जैन मुनि

मुनिश्री को नवध भक्ति के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने आहारचर्या कराई

ग्वालियर- दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर में मानव सेवा व धार्मिक सप्ताह कार्य के अंतर्गत आज रविवार को वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज की दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर परिवार ने मेम्बरों ने नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में पहुँचकर मुनिराजों की आहारचर्या (भोजन) भक्ति के साथ संपन्न कराई

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम के सोशल ग्रुप के स्थापक अध्यक्ष अंकित अनामिका पाटनी, अध्यक्ष पुलक शिल्पी अग्रवाल, मंत्री विपिन सुनीता जैन, हितेंद्र प्रियंका बोहरा, रोम सेठी ने सामूहिक रूप से मुनिराजों का नवध भक्ति से पड़गाहन कराया। पड़गाहन के उपरांत मुनिराजों के पद प्रच्छालन, पूजन कर उन्हें आहार (भोजन) शुद्ध पीले वस्त्रों में ग्रहण कराया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के संरक्षक अनिल शाह, निर्मल पाटनी, स्थापक अध्यक्ष अंकित पाटनी, अध्यक्ष पुलक अग्रवाल, सचिव विपिन जैन, विनय कासलीवाल, हितेंद्र जैन, प्रमोद सौगानी, पंकज बाकलीवाल अनिल जी शाह पंकज भौंच सौरभ जैन शशांक सोनी अन्य उपस्तिथ रहे।

जरूरतमंद व्यक्तियो को गर्म कमल व कपड़े वितरण किए

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल के अवतरण दिवस के अवसर पर जयारोग्य हॉस्पिटल पर जरूरतमंद व्यक्तियो को मोजे, गर्म टोपी , दस्ताने एवं कम्बल प्रदान किये एवं मकर सक्रांति के अवसर पर गजक भी वितरित की गई उक्त कार्य मे ग्रुप सदस्य नितेश बोहरा प्रमोद जैन निखिल बोहरा सुधीर जैन उपस्तिथ रहे।

असहाय लोगो को गर्म भोजन विरतण किया

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर के मेम्बरों ने नवग्रह मंदिर व अन्य स्थानों पर पूड़ी सब्जी वितरण किया गया। उक्त पुनीत कार्य मे ग्रुप सदस्य नवीन जैन अमित कटारिया प्रणव पाटनी एवं अन्य उपस्तिथ रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478